


# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,गुरुवार 03 अक्टूबर 2024 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-1 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-186 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 04 अक्टूबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### गेवरा खदान में गिरा डंपर

**कोरबा,3 अक्टूबर।** एसईसीएल गेवरा खदान में देर रात फिर बड़ा हादसा हुआ है. एक 240 टन डंपर फिसलकर 70-80 फिट नीचे खदान में गिरा. डंपर में ब्लास्ट होने से खदान में हड़कप मच गया. चालक को डंपर का कांच तोड़कर बाहर निकालकर उपचार के लिए गेवरा स्थित एसईसीएल अस्पताल में दाखिल किया गया है. जानकारी के अनुसार, देर रात लगभग 3ः43 बजे गेवरा खदान के पार्था फेस में हादसा हुआ. घटना में एसईसीएल कर्मी चालक पुष्पराज घायल हो गया, जिसे डंपर का कांच तोड़कर बाहर निकाला गया. मौके पर मौजूद सहकर्मियों ने उसे प्राथमिक उपचार के लिए एसईसीएल के एनसीएच अस्पताल गेवरा में भर्ती कराया. बता दें कि खदान के कुछ क्षेत्रों में विद्युत लाइट की उचित व्यवस्था नहीं है, जिसकी वजह से हादसा हुआ है. इससे पहले भी इस तरह की घटना घट चुकी है. दो दिन पहले ही गेवरा खदान में ड्रिल मशीन में आग लगने से एसईसीएल को करोड़ों का नुकसान हुआ था. घटना में ऑपरेटर बाल-बाल बचा था.

### आईपीएसडी श्रवण प्रतिनियुक्ति पर जा रहे एनआईए

**रायपुर।** 2008 बैच के आईपीएस डी श्रवण एनआईए में प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं. राज्य शासन ने प्रतिनियुक्ति की अनुमति दे दी है. डीआईजी रैंक के अफसर डी श्रवण पाँच साल की प्रतिनियुक्ति जा रहे हैं. आईपीएस डी श्रवण छत्तीसगढ़ कैडर के 2008 बैच के अफसर हैं. उनका पूरा नाम दावुलुरी श्रवण है. मूलतः वे आंध्रप्रदेश के रहने वाले हैं. एमए, एमफिल के बाद उन्होंने यूपीएससी क्रैक कर आईपीएस



की सर्विस ज्वाइन की है. ट्रेनिंग पूरी होने के बाद उन्हें प्रशिक्षु आईपीएस के तौर पर जगदलपुर जिले में नियुक्त किया गया. वे जगदलपुर कोतवाली में थाना प्रभारी रहे. एसडीओपी केशकाल की जवाबदारी भी उन्होंने संभाली. पुलिस अधीक्षक के तौर पर धुर नक्सल प्रभावित एरिया सुकमा में 2 साल पदस्थ रहे. कोंडागांव, कोरबा, मुंगेली,राजनंदगांव, जगदलपुर जिलों के एसपी भी रहे. डी श्रवण सेनानी छठवीं वाहिनी रायगढ़ रहे. वर्तमान में डी श्रवण डीआईजी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल हेड क्वार्टर सेंटर रेंज रायपुर में पोस्टेड हैं.

### मुठभेड़ में कई नक्सली घायल

**सुकमा,3 अक्टूबर।** वाम उग्रवाद को मार्च 2026 तक देश से खत्म करने के उद्देश्य से किए जा रहे काम के तहत सुरक्षाबल के जवान नक्सलियों को कोर इलाके बोत्तलंका इरापल्ली में घुस गए. सुबह से हुई भिड़ंत में कई नक्सलियों को गोली लगने की खबर है. जानकारी के अनुसार, बुधवार को सुरक्षा बलों की संयुक्त पार्टी ग्राम बोटेलंका, एरनपल्ली व आस-पास क्षेत्र की ओर नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुए थे. इस दौरान चिंतावागू नदी के किनारे सुबह पीएलजीएल बटालियन एवं किस्टाराम एरिया कमेटी के नक्सलियों के साथ मुठभेड़ शुरू हुई. इस दौरान नक्सलियों द्वारा जवानों पर बीजीएल (बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) हमला किया गया. इस कार्रवाई में जिला बल, डीआरजी, बस्तर फाइटर, 206 कोबरा वाहिनी, 208 कोबरा वाहिनी, 204 कोबरा वाहिनी और 203 कोबरा वाहिनी के जवान शामिल हैं. मुठभेड़ के बाद स्थल से अस्थाई कैम्प को ध्वस्त कर भारी मात्रा में नक्सलियों के डम्प सामाग्रियों एवं विस्फोटक सामान को बरामद किया गया.





# ज्योति कलशों से जगमगाया माँ महाकाली 'अघोरेश्वरी' का दरबार

## शिवधाम सहित सभी शक्तिपीठों व देवी मंदिरों में नवरात्रि की धूम

**रायपुर, 30 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

प्रसिद्ध धार्मिक स्थल शिवधाम, तुलसी में शारदीय नवरात्र का श्री गणेश हो गया है। शिवधाम अघोरेश्वर महादेव मंदिर जिला दुर्ग के ग्राम तुलसी (पाटन) में खारून नदी के तट पर स्थित है। इस शिव परिसर में माँ महाकाली (अघोरेश्वरी) माँ धरती की गोद में विराजमान है। माँ महाकाली की प्रतिमा भव्य व जीवंत रूप में स्थापित है। नवरात्रि पर आज पूर्वान्ह 11.28 बजे घट स्थापना के बाद ज्योत प्रज्वलन किया गया। 7 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11.30 बजे माता का श्रृंगार तथा रात्रि 11.27 बजे से पंचमी का हवन किया जाएगा। सप्तमी पर 9 अक्टूबर को रात्रि 11.33 बजे से कालरात्रि पूजन तथा हवन होगा। 11 अक्टूबर को अष्टमी है। इस दिन प्रातः 11.30 बजे से हवन का कार्यक्रम है। 12 अक्टूबर को नवमीं पर मध्यान्ह 12:30 बजे से कन्या पूजन एवं भोज का आयोजन होगा। यहां यह बताना जरूरी होगा कि शिवधाम में पारद निर्मित शिवलिंग भी स्थापित है। पारा निर्मित शिवलिंग के दर्शन को अत्यंत शुभकारी माना जाता है। रायपुर से महादेवघाट अमलेश्वर, मोतीपुर तथा झीट होते हुए पाटन मार्ग पर ग्राम तुलसी में शिवधाम स्थित है। आज राजधानी के सभी देवी मंदिरों व शक्तिपीठों में ज्योत प्रज्जवलित किया गया। मंदिरों में आज सुबह से भक्तों की भीड़ लगी रही।





# भारतीय सेना का भीष्म टी-90 टैंक पहुंचा रायपुर, निकली रैली

**रायपुर,3 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भारतीय सेना का भीष्म टी-90 टैंक और अन्य आर्टिलरी आज राजधानी रायपुर पहुंचा, जिसका शहर में रैली निकालकर स्वागत किया गया. बता दें कि रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 5 और 6 अक्टूबर को सैन्य शक्ति प्रदर्शन आर्मी मेले का एक बड़ा आयोजन किया जा रहा है, जिसमें भारतीय सैनिकों का जौहर देखने का मौका मिलेगा. इसी के तहत तैयारियां जोरों से जारी है. जिला प्रशासन की ओर से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित स्वागत समारोह



में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी संतोष कुमार सिंह और नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों ने भीष्म टैंक का स्वागत किया. इसके बाद एक रैली के रूप में टैंक और अन्य सैन्य उपकरणों को तेलीबांधा, मरीन ड्राइव, कलेक्ट्रेट, जयस्तंभ और आश्रम चौक होते हुए साइंस कॉलेज मैदान तक ले जाया गया. रैली के दौरान रायपुर के नागरिकों में खासा उत्साह देखने को मिला. सैकड़ों लोग इस शानदार रैली को अपने मोबाइल फोन में कैद करते हुए नजर आए. इस कार्यक्रम को लेकर राजधानी में सकारात्मक माहौल बना हुआ है और नागरिक इसे लेकर उत्सुक हैं.

# केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण से मिले राज्यपाल

## विकास व केंद्र परवर्तित योजनाओं सहित अन्य मुद्दों पर की चर्चा

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 3 अक्टूबर।** राज्यपाल रमेन डेका ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से औपचारिक मुलाकात की है। छत्तीसगढ़ की केंद्र परवर्तित योजनाओं सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की है।

राजभवन से मिली जानकारी के अनुसार पिछले एक सप्ताह से राज्यपाल रमेन डेका दिल्ली प्रवास पर हैं। वे अनेक मंत्रियों के अलावा संगठन स्तर के नेताओं से मिलजुल रहे हैं। आज उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर राज्य में चल रही केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लिए राशि बढ़ाने की मांग की है। वित्त मंत्री से मुलाकात का कोई औपचारिक ब्यौरा नहीं दिया गया है। लेकिन दिल्ली कार्यालय के अनुसार राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न विकास योजनाओं के लिए वित्तीय सहायता देने के संबंध में चर्चा की है। छत्तीसगढ़ एक नया राज्य है जो कि विभिन्न मामलों पर केंद्र पर ही आश्रित है। प्रधानमंत्री सड़क योजना, आवास योजना, आकर्षि जिला योजना, उच्च शिक्षा के लिए रूसे तथा नगरीय निकायों के लिए जेएनआरयूएम, लाइवलीहुड मिशन, जल जीवन मिशन सहित अनेक योजनाएं संचालित है। स्वास्थ्य विभाग ने भी एड्स, अंधत्व निवारण एवं कोरोना के लिए विशेष वित्तीय सहायता दी जा रही है। फिलहाल अधोसंरचना विकास के लिए परिवहन मंत्री ने बड़ी राशि प्रदान की है। राज्य के कुल बजट में से ज्यादा राशि केंद्र द्वारा दी जाती है।

# अरबपतियों की सरकार चलाते हैं मोदी : राहुल

**नई दिल्ली,3 अक्टूबर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी 5 अक्टूबर को होने वाले मतदान से पहले चुनाव प्रचार के आखिरी दिन आज नूह में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि हमने कश्मीर से कन्याकुमारी तक यात्रा निकाली और जहां भी बीजेपी ने नफ़रत का बाज़ार खोला, हमने मोहब्बत की दुकान खोलीं। उन्होंने दावा किया कि हम प्यार और एकता की बात करते हैं, वे नफरत फैलाते हैं और देश को तोड़ने की कोशिश करते हैं। राहुल ने दावा किया कि बीजेपी और आरएसएस संविधान को नष्ट कर रहे हैं। राहुल गांधी ने आगे कहा कि कांग्रेस एक वैचारिक युद्ध लड़ रही है। एक तरफ संविधान को नष्ट करने की विचारधारा है, दूसरी तरफ संविधान की विचारधारा है। उन्होंने एक बार फिर कहा कि मैं अमेरिका में हरियाणा के कुछ युवाओं से मिला, वे मुझसे अपनी समस्याएं साझा करना चाहते थे। उन्होंने मुझे बताया कि वे अमेरिका इसलिए आए क्योंकि हमें हरियाणा में नौकरी नहीं मिल सकती। हरियाणा में बेरोजगारी और महंगाई है और हमें नौकरियां नहीं मिल रही हैं। वे 50 लाख रुपये का कर्ज लेकर अमेरिका आये थे। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार ने हरियाणा को बर्बाद कर दिया है। पीएम मोदी अपने भाषणों में यह नहीं बता सकते कि उन्होंने हरियाणा को बेरोजगारी की सूची में शीर्ष पर कैसे पहुंचाया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पीएम मोदी अरबपतियों की सरकार चलाते हैं। उन्होंने 20-25 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है। पीएम मोदी ने हरियाणा के किसानों, मजदूरों और गरीबों का कितना कर्ज माफ किया? उन्होंने



कहा कि हमें बेरोजगारी और महंगाई का हरियाणा नहीं चाहिए। हमें प्रगति का हरियाणा चाहिए। राहुल ने कहा कि हरियाणा में छोटी-छोटी पार्टियां घूम रही हैं। ये भाजपा की बी टीम हैं। इनको आप समर्थन मत दीजिए। आप कांग्रेस पार्टी को अपना वोट दीजिए और भाजपा की सरकार को हटाने का काम कीजिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के शेर और शेरनियां विचारधारा की लड़ाई लड़ते हैं। आप नफरत को मोहब्बत से काटते हैं, इसलिए मैं आपको दिल से धन्यवाद करना चाहता हूं। आप मुझे शक्ति देते हैं, इसलिए मैं किसी से नहीं डरता हूं। कांग्रेस पार्टी का चिह्न अभय मुद्रा है, जो कहता है- डरो मत।

# कंगना के पोस्ट से सियासी गलियारे में बवाल

**नई दिल्ली,3 अक्टूबर।** बीजेपी सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत अपने बेबाक बोल के कारण अक्सर सुर्खियों में बनीं रहती हैं। इस बार महात्मा गांधी जयंती पर कंगना रनौत ने कुछ ऐसा कह दिया, जिससे सियासी गलियारे में बवाल मच गया है। साथ ही बीजेपी के लिए मुसीबत खड़ी हो गई है। इसे लेकर कांग्रेस ने एक बार फिर से बीजेपी को घेरा है।



कंगना ने 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बारे में एक सोशल मीडिया पोस्ट के साथ एक नया विवाद खड़ा कर दिया। कांग्रेस ने कंगना रनौत के बयान की तीखी आलोचना की है। बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री को उनकी 120वीं जयंती पर एक पोस्ट के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की, जो राष्ट्रपिता के रूप में गांधी के कद को कम करने वाला प्रतीत होता है। रनौत ने अपनी इंस्टाग्राम पर लिखा, देश के पिता नहीं, देश के तो लाल होते हैं। धन्य है भारत मां के ये लाल.÷ एक फॉलो-अप पोस्ट में रनौत ने देश में स्वच्छता पर गांधी की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्रेय दिया। लाल बहादुर शास्त्री और महात्मा गांधी पर पोस्ट ने हिमाचल प्रदेश के मंडी से बीजेपी सांसद के लिए एक और विवाद पैदा कर दिया है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने महात्मा गांधी पर भद्दे तंज के लिए बीजेपी सांसद कंगना रनौत की कड़ी आलोचना की।



## डोंगरगढ़ दर्शन यात्रा शुरू,सीएम साय ने दिखाई हरी झंडी

**रायपुर,3 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज शारदीय नवरात्रि के पहले दिन मां बम्लेश्वरी के दर्शन लाभ के लिए जा रहे श्रद्धालुओं के बस को मुख्यमंत्री निवास से झंडी दिखाकर रवाना किया।

# कर्मचारी का नाजायज बेटा भी अनुकंपा का है हकदार : हाईकोर्ट

**बिलासपुर,3 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस संजय के अग्रवाल ने कहा कि भले ही याचिकाकर्ता मृतक सरकारी कर्मचारी का नाजायज पुत्र हो, वह अनुकंपा के आधार पर विचार के लिए हकदार होगा। इस बात से भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि वह मृतक सरकारी कर्मचारी का नाजायज पुत्र है। कोर्ट ने एसईसीएल प्रबंधन को नोटिस जारी कर कहा है कि आदेश की प्रति प्राप्त होने की तारीख से 45 दिनों के भीतर आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति देने की प्रक्रिया पूरी करे। एसईसीएल द्वारा 21 अप्रैल 2015 को जारी आदेश को चुनौती देते हुए याचिकाकर्ता विक्रांत कुमार लाल ने अधिवक्ता संदीप दुबे के माध्यम से याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता की मां विमला कुर्रे ने अपने बेटे याचिकाकर्ता के लिए आश्रित रोजगार की मांग करते याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई के बाद एसईसीएल प्रबंधन को याचिकाकर्ताओं से आवेदन लेने के निर्देश दिए थे। अभ्यावेदन का निराकरण करते हुए एसईसीएल प्रबंधन ने याचिकाकर्ताओं के अभ्यावेदन को खारिज कर दिया था। मुनिराम कुर्रे की मृत्यु 25 मार्च 2004 को हो गई थी। वह एसईसीएल में आर्म गार्ड के पद पर कार्यरत थे। मुनिराम कुर्रे की मृत्यु के समय ग्रेच्युटी नामांकन फार्म 'एफ' में सुशीला कुर्रे का नाम दर्ज था और पेंशन नामांकन फार्म में विमला कुर्रे का नाम। विमला कुर्रे के साथ उनकी चार बेटियां मनीषा लाल, मंजूसा लाल, ममिता लाल, मिलिंद लाल और बेटा विक्रांत भी थे। याचिकाकर्ता ने भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की धारा 372 के तहत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए आवेदन पेश किया था। मामले की सुनवाई कोरबा के प्रथम सिविल जज वर्ग एक के कोर्ट में हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने भविष्य निधि 4 लाख 75 हजार और ग्रेच्युटी राशि 95 हजार रुपये याचिकाकर्ता, उसकी मां और बहनों के पक्ष में प्रदान करने का आदेश दिया था।

कोर्ट के आदेश के बाद सुशीला कुर्रे ने अधिनियम 1925 की धारा 383 के तहत उत्तराधिकार प्रमाणपत्र को रद करने के लिए आवेदन दायर कर दिया। मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया और सुशीला ने आवेदन वापस ले लिया। समझौते के बाद कोर्ट ने 6 मार्च 2006 को आदेश जारी कर याचिकाकर्ता, उसकी मां विमला कुर्रे और बहनों को मुनिराम कुर्रे (मृतक) का उत्तराधिकारी घोषित कर दिया।आदेश में कहा गया है कि विमला कुर्रे, मुनिराम कुर्रे की पत्नी है और सेवानिवृत्ति लाभों के उद्देश्य से याचिकाकर्ता मुनिराम कुर्रे का पुत्र है। कोर्ट ने यह भी कहा कि उपलब्ध दस्तावेजों से यह तय हो गया है कि याचिकाकर्ता विक्रांत, मुनिराम कुर्रे का विमला कुर्रे के साथ विवाह से उत्पन्न पुत्र है।'

# बांग्लादेश सरकार ने भारत समेत अपने 5 उच्चायुक्तों को बुलाया वापस


**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने 2 अक्टूबर को विदेश में देश के मिशन में चल रहे बदलावों के तहत नई दिल्ली में तैनात अपने दूतों को ढाका लौटने का नोटिस जारी किया. सरकार ने ब्रुसेल्स, कैनबरा, लिस्बन और न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में बांग्लादेश के स्थायी मिशन में तैनात दूतों को भी तुरंत लौटने को कहा. नोटिस के अनुसार, विदेश मंत्रालय ने व्यक्तियों से अपनी वर्तमान जिम्मेदारियों को त्यागने और मुख्यालय लौटने को कहा. नोटिस में कहा गया है कि जिन राजदूतों/उच्चायुक्तों को मुख्यालय में रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है. वे हैं- भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त मुस्तफिजुर रहमान, न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में बांग्लादेश के राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि मुहम्मद अब्दुल मुहिथ, बेल्जियम में बांग्लादेश के राजदूत महबूब हसन सालेह, ऑस्ट्रेलिया में बांग्लादेश के उच्चायुक्त एम अल्लामा सिद्दीकी और पुर्तगाल में बांग्लादेश की राजदूत रेजिना अहमद. अधिसूचना में कहा गया है, आपसे अनुरोध किया गया है कि आप अपनी वर्तमान जिम्मेदारी को तत्काल छोड़कर ढाका लौट आएं.÷ यह तब आया है जब यूनाइटेड किंगडम में बांग्लादेश की उच्चायुक्त सईदा मुना तस्नीन को भी ढाका आने के लिए कहा गया था.

# वरना लोगों का आरबीआई पर भरोसा कम होगा : राजन

**नई दिल्ली,3 अक्टूबर।** केंद्र सरकार नए खुदरा महंगाई दर के आंकड़े की गणना में खाद्य वस्तुओं में वेटेज में कमी करने पर विचार कर रही है, साथ ही ब्याज दरों को निर्धारित करते समय खाद्य महंगाई को इससे अलग रखा जाएगा. रघुराम राजन, पूर्व आरबीआई गवर्नर, इस विचार से कतई सहमत नहीं हैं. उन्होंने कहा कि महंगाई दर में खाद्य वस्तुओं की कीमतों को स्थान नहीं देने के विचार से लोगों का सेंट्रल बैंक (भारतीय रिजर्व बैंक) पर भरोसा कम होगा.



रघुराम राजन ने पीटीआई से बातचीत में कहा कि महंगाई दर निर्धारित करते समय उपभोक्ता उत्पादों के बास्केट को ध्यान में रखना चाहिए क्योंकि यही चीजें महंगाई को लेकर उपभोक्ता की धारणा बनाती हैं और उनकी उम्मीदों को प्रभावित करती हैं. भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर ने कहा कि जब मैं बैंक का गवर्नर बना, मेरा लक्ष्य प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स था. लेकिन इसका औसत ग्राहक की परेशानियों से कोई लेना-देना नहीं है. उन्होंने कहा कि प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स को देखना चाहिए जब आरबीआई कहता है कि महंगाई कम हुई है, लेकिन ग्राहक अलग-अलग चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, इसलिए नहीं मानेंगे कि महंगाई कम हुई है. रघुराम राजन ब्याज दरें निर्धारित करते समय खाद्य महंगाई दरों को गणना से बाहर रखने के बारे में आर्थिक समीक्षा 2022-23 में उठाए गए सुझावों पर उत्तर दे रहे थे. उन्होंने कहा कि अगर आप महंगाई दर को नियंत्रण में बताते हुए खाद्य कीमतों में वृद्धि देखते हैं या कुछ गैर-इंफ्लेशन बास्केट में रखे गए सामान की कीमतों में वृद्धि देखते हैं, तो आप जानते हैं कि लोग रिजर्व बैंक पर बहुत भरोसा नहीं करेंगे. मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने 2023-24 के आर्थिक सर्वे में खाद्य महंगाई को आरबीआई के पॉलिसी रेट्स के निर्धारण प्रक्रिया से बाहर रखने की वकालत की थी. सर्वे में उन्होंने कहा कि सप्लाई कीमतों पर मॉनिटरी पॉलिसी का कोई असर नहीं होता, क्योंकि यह कीमतों को प्रभावित करता है.

# अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सांसद संतोष पांडेय ने बुजुर्गों का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा,3 अक्टूबर।** अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर कवर्धा के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में वृद्धजनों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सांसद संतोष पाण्डेय सहित जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सांसद पाण्डेय ने वृद्धजनों को साल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में वृद्धजनों के स्वास्थ्य जांच के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया और आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इस दौरान डॉक्टरों द्वारा वृद्धजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते हुए उचित देखभाल की जानकारी दी गई। साथ ही योगा अभ्यास कराकर नियमित योग करने के लिए जानकारी दी गई। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि वृद्धजन हमारे परिवार का महत्वपूर्णअंग हैं और वे हमारी कुटुंब व्यवस्था की नींव हैं। भारत देश दुनिया में उन देशों में अग्रणी है जहां वृद्धजनों का विशेष सम्मान किया जाता है। हमारी संस्कृति में बुजुर्गों का आदर करना और उनसे मार्गदर्शन लेना एक प्राचीन परंपरा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने वृद्धजनों की सेवा और देखभाल के लिए तत्पर रहना चाहिए, क्योंकि उनका आशीर्वाद और अनुभव हमारे जीवन को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि वृद्धजन हमारी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षक हैं। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से हम आगे बढ़ सकते हैं और समाज को सही दिशा दे सकते हैं। उनकी देखभाल और सम्मान करना केवल नैतिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारे समाज की सभ्यता और संस्कारों का प्रतीक है। सांसद ने कहा कि छत्तीसगढ़ी में एक कहावत है, ÷बिना सियान के ज्ञान नई होए,÷ जिसका अर्थ है कि बुजुर्गों के अनुभव और मार्गदर्शन के बिना सच्चा ज्ञान प्राप्त नहीं किया जा सकता। यह कहावत हमारी परंपरा और जीवन के मूल्यों को दर्शाती है, जहां बुजुर्गों की भूमिका अनमोल मानी जाती है। उनकी सलाह और अनुभव हमारे जीवन को सुलभ और सफल बनाने में सहायक होते हैं। हमें अपने बुजुर्गों का आदर और सम्मान करते हुए उनके अनुभवों से सीखते रहना चाहिए। वृद्धजन समाज के अनुभवी और ज्ञानवान स्तंभ होते हैं, जिनसे हमें जीवन के मूल्यों और संस्कारों को सीखने का अवसर मिलता है। उन। इस अवसर पर पूर्व एमएलए डॉ. सियाराम साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष डॉ. बीरेन्द्र साहू, , पार्षद उमंग पाण्डेय, , जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, उपसंचालक समाज कल्याण श्रीमती अभिलाषा पंडा सहित जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक मदन तंबोली , सतीश यदु उपस्थित थे। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम वृद्धजनों के लिए एक विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। इसके साथ ही, आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए, जिससे वृद्धजन स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ आसानी से उठा सकेंगे। यह पहल न केवल वृद्धजनों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का संकेत है, बल्कि समाज में उनके प्रति सम्मान और देखभाल की भावना को भी प्रोत्साहित करती है।

## एक नजर

### क्याय यात्रा से कांग्रेस को मिल रहा है भारी जन समर्थन



**कवर्धा,3 अक्टूबर।** रायपुर एवं कवर्धा सहित पूरे छत्तीसगढ़ में न्याय यात्रा से कार्यकर्ताओं में उत्साह और आत्मविश्वास की झलक दिख रही है । कांग्रेस पार्टी की इस न्याय यात्रा को गांव नगर शहर में अच्छा जन समर्थन मिल रहा है। वाल्मिकी वर्मा निर्वाचित अध्यक्ष युवा कांग्रेस वि सभा कवर्धा ने बताया की बीजेपी सरकार की खराब कानून व्यवस्था के खिलाफ न्याय यात्रा निकाल रही है । छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में अपने युवा टीम के साथ गिरौदपुरी धाम से रायपुर गांधी मैदान तक छ्दिवस तक शामिल रहे।

### युवक का शव तालाब में मिला

**भिलाई, 3 अक्टूबर।** भिलाई कोहका निवासी तेंशिय अहमद की लाश लिमहा तालाब में मिली परिजनों ने गुम इंसान दर्ज कराया था पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है स्मृति नगर प्रभारी वदिता पारिकर ने बताया कि घटना कोहका विवेकानंद नगर निवासी तेशिव अबमद (27 वर्ष ) एमबीए की पढ़ाई की थी यह मनसिक रुप से परेशान था दरम्यानी रात करीब 1 बजे घर की दीवार फांदकर भाग गया था परिजनों ने स्मृति नगर थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई थी उसकी लाश तालाब में मिली मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए रवाना किया है ।

### नाबालिग को भगाने वाला गिरफ्तार



**कवर्धा,3 अक्टूबर।** भिलाई एक नाबालिक का अपहरण कर मध्यप्रदेश भाग गया जहां उससे मंदिर में शादी की। इसके बाद नागपुर ले गया और उसका दैहिक शोषण करता रहा परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को सिवनी से गिरफ्तार किया आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि आरोपी सोनू उर्फ राजकुमार (गोमेश्वर) गढ़वाल अपहरण कर नाबालिग को मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में अपने गांव मुंडरई ले गया जहां शिव मंदिर में शादी की दूसरे दिन नागपुर ले गया जहां 14 से 25 सितंबर तक नाबालिग के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया इसके बाद उसे लेकर अपने गांव लौट आया मुखबिर से सूचना मिली कि उसने नाबालिग को अपने घर में लाकर रखा है भिलाई तीन टीआई महेश ध्रुव के नेतृत्व में टीम पहुंची और आरोपी को दबोच कर भिलाई ले आई मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 137(2), 87, 64(2) (एम), 6 पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की ।


### सांसद और विधायक कबाड़ से बनी सेल्फी कार में बैठ कर दिया स्वच्छता का सन्देश



**रिसाली।** हमारी ही लापरवाही के कारण आस पास कचरों का ढेर लग रहा है। पहले निगम के पास 70 लाख सफाई बजट था आज बढ़कर 6 करोड़ तक पहुंच रहा है। अगर हम सजग हो जाएं तो यह राशि कम हो सकती है। राशि को शहर के विकास में लगाया जा सकता है। यह बातें दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कही। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि आज भारत 12वें स्थान से उठकर विश्व में 5 वें क्रम पर है। विश्व में भारत सबको साथ लेकर चलने वाला, भलाई की सोच रखने वाला देश है। देश के प्रधानमंत्री यहां की संस्कृति और सभ्यता को विश्व पटल पर रख रहे हैं। पहले की तुलना में स्वच्छता को देखे तो हम बहुत आगे निकल चुके हैं। स्वच्छता भारत का अभियान बन चुका है। आरंभ में रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत करते कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, अतिथि के रूप में और एमआईसी डॉ. सीमा साहू, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, रमा साहू, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, माया यादव, टिकम साहू, विलास राव बोरकर आदि समारोह में उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन आयुक्त मोनिका वर्मा ने की। सांसद विजय बघेल और विधायक ललित चंद्राकर ने नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा तैयार कंडम कार को सेल्फी कार बनाने की तारीफ की। निगम में बेहतर कार्य करने वाले सफाई मित्र शीतल साहू, खुबलाल कोसरे, मान सिंग देशलहरे, कमलेश, गजानंद चंदेला, राजूलाल, गैंदूराम बांधे, कृपाराम, किरण बाई, सुशीला बाई, जहानीत साहू, गंगा बाई, दौलतराम, गोपाल पाल, रामेश्वर डहरिया को प्रमाण पत्र और स्वच्छता कीट देकर सम्मानित किया। मेघा ढीमर, एश्वर्या साहू, यमन, श्रीवास, चित्रा, सुन्दर, आयरा सिद्धकी, निधि डहरे, चेतन निर्मलकर, शीतल साहू, जीतेश देवांगन, वंदिता गेण्ड्रे, अरविन्द कुमार, प्रियंका साहू, निखिल यशवर्धन, हेमचंद, निधि, वासिनी, प्रियल, श्रीवास, एन रभा, समरप्रित सिन्हा, उवर्शी साहू, दामिनी, तानी साहू, कशिश, वैभवी मिश्रा, वैभवी साहू, अस्मिथ, चंचल साहू, तनुजा साहू, वियामिनी को पुरस्कृत किया गया।

# स्कूलों में एक लाख से अधिक छात्र-छात्राओं ने ली स्वच्छता की शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 3 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार और कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में विद्यालय 973 प्राथमिक 488 पूर्व माध्यमिक व 150 हाई स्कूल हायर सेकेंडरी स्कूल में 1.25 लाख बच्चो को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। विभिन्न स्कूलों में स्वच्छता संबंधी निबंध लेखन, चित्रकला,रंगोली बनाकर बच्चो ने उत्साह पूर्वक भाग लिए। स्कूली छात्रछात्राओं ने गांव में स्वच्छता जागरूकता रैली निकालकर अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने की अपील किए ।

शासकीय नेऊरगांवकला हाई स्कूल , शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर में पालक शिक्षक समिति अध्यक्ष , टीचर्स और स्टूडेंट ने स्वच्छता की शपथ ली । जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा ने स्वच्छता पर चर्चा करते हुए कहा की स्वच्छता के प्रति लोगो में अच्छी जागरूकता दिख रही है । जिला सीईओ ने स्वच्छता पर कहा की स्वच्छता के प्रति हमेशा जागरूक रहना चाहिए । स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम हमेशा शिक्षा विभाग ध्यान देती है जिससे की बच्चो का स्वास्थ्य हमेशा बेहतर रहे और कलेक्टर के मार्गदर्शन में और डीईओ की मॉनिटरिंग में स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया गया ।

### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में नगर निगम भिलाई-चरौदा ने किया सफाई मित्रों का सम्मान



भिलाई-03। नगर पालिक निगम भिलाई-03 चरौदा द्वारा मंगल भवन में बुधवार 2 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर निर्मल कोसरे के हाथों स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया गया। वाहन चालक रामजी चतुर्वेदी एवं युगल वर्मा को पुरस्कृत किया गया। महापौर निर्मल कोसरे द्वारा निगम में पूर्व में कार्यरत कर्मचारियों की मृत्यु उपरांत उनके परिजनों को इस अवसर पर अनुकंपा नियुक्ति आदेश प्रदान किया। जिनमें मन्नू लाल एवं कमल किशोर को भृत्य के पद पर नियुक्ति आदेश पत्र प्राप्त हुये। अपने संबोधन में कोसरे ने कहा कि मैं जानता हूँ कि स्वच्छता में कार्य करना सहज और सरल नहीं है। निगम कमिश्नर डी.एस. राजपूत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि आज स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के इस अवसर पर सभी सफाई मित्रों और स्वच्छता दीदियों का हम हृदय से सम्मान करते हैं आपका कार्य सराहनीय है और स्वच्छता में आपका योगदान अमूल्य है। महापौर परिषद के सदस्य मोहन साहू, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता हेमन्त साहू, उपअभियंता विक्टर वर्मा, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उपअभियंता वैभव त्यागी, उपअभियंता मुकेश चन्द्राकर, उपअभियंता किसलय साहू, सहायक लेखाधिकारी लिंगेश्वर राव, ग्रेड-03 अविनाश चन्द्राकर, आयुक्त स्टेनों चेतन देवांगन, स्टोर इंजार्च सुरेश नासरे के अलावा निगम में समस्त कर्मचारी, स्वच्छता दीदी, सफाई कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की कार्यक्रम में उपस्थिति रही।

### स्वास्थ्य शिविर का राजहरा के नागरिकों ने उठाया लाभ



भिलाई, 3 अक्टूबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस अस्पताल में निःशुल्क व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में एक टीम शामिल थी। जिनमें डॉ गिरीश उमरेडकर, डॉ रुचिर भटनागर, डॉ रघुनंदन बिसोई, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट शामिल थे। गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ जीवनलाल घेड़ले, श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ ए डी बनर्जी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ कौशिक किशोर, जनरल सर्जन डॉ पराग गुप्ता, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रभदीप कौर, चिकित्सा अधिकारी डॉ राहुल सिंघरोल, फिजियोथेरेपिस्ट श्रीमती श्वेता शर्मा और जेएलएन अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, भिलाई से डीएनबी ईएनटी विभाग के डॉ गिरिधर टी शामिल थे।

# विधायक विकास कार्यों में भेदभाव कर रहे हैं:डिकेन्द्र हिरवानी

■ कांग्रेसी पार्षदों एवं अध्यक्ष ने लगाया विधायक ललित चंद्राकर पर विकास कार्यों में भेदभाव करने का आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**उतई, 3 सितंबर।** नगर पंचायत उतई अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी एवं कांग्रेसी पार्षदों ने प्रेसवार्ता लेकर विधायक ललित चंद्राकर पर आरोप लगाते हुए कहा विधायक महोदय दुर्ग ग्रामीण के एक मात्र नगर पंचायत उतई में विकास कार्यो पर भेदभाव कर रहे है। नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में अधोसंरचना मत से नगर पंचायत उतई द्वारा पूरे 15 वार्डों में कुल 73 कार्यों की लगभग 299.82 लाख की कार्यों का निविदा विधानसभा चुनाव के पूर्व निकाली गई थी।जिसे भाजपा सरकार बनते ही सभी कार्यों को निरस्त कर दिया गया और उसके बाद 149.88 लाख के सिर्फ 6 वार्डो 1,2,5,6,7और15 में कार्य करने की सहमति अपने लेटर पेट पर लिखित में विधायक ललित चंद्राकर ने दी है। कोई अतिरिक्त या नए कार्य उनके द्वारा नही लिया गया है।जिससे यह स्पष्ट होता है बाकी वार्डो के साथ भेदभाव कर वह अपने भाजपा पार्षदों को लाभ पहुंचाना चाहते हैं। तथा यह भी आरोप लगाया कि वार्ड 15 में अपने चाहते पार्षद के परिवार की निजी संस्था को लाभ पहुंचाने जनता के पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है। नगर के विकास कार्यों का लिस्ट या तो उनके समर्थक पार्षद दिए हैं या सीएमओ ने दी है। यह स्पष्ट नहीं है किंतु भेदभाव कर विधायक नगर की जनता को धोखा दे रहे हैं उन्हें चाहिए कि बिना किसी भेदभाव के नगर के सभी वार्डो को कार्यों की जो पुरानी स्वीकृति सूची बनी थी जिन्हें साय सरकार के आने के बाद निरस्त कर दिया गया था उसी को पुनः स्वीकृति प्रधान करवाकर नगर के मतदाताओं का सम्मान करना चाहिए था क्योंकि नगर के सभी वार्डो की जनता ने उन्हें मतदान देकर विधायक बनाया है ।अतःउनके साथ सौतेला व्यवहार नहीं करना चाहिए कांग्रेस के पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया है। की विधायक सीएमओ पर दबाव बनाकर पीआईसी को बिना विश्वास में लिए उक्त कार्यों को करवाना चाहते है जो नगर पंचायत नियमों के विपरित है तथा ऐसा कर विधायक नियमों का स्वयं ही उल्लंघन कर रहे है। प्रेसवार्ता में पीआईसी सदस्य तोषण साहू, प्रहलाद वर्मा, वीरेंद्र गोस्वामी, सुरता सिंह गढ़े मौजूद थे।



**कवर्धा। संदीप कुंभकार मां दुर्गा की प्रतिमा बनाने में व्यस्त। आज मां दुर्गा होगी पंडालों में विराजित**

### बैठक में समाज की एकता पर दिया गया जोर



**उतई, 3 अक्टूबर।** मरार पटेल समाज बगौद राज का कार्यकारिणी बैठक सामुदायिक भवन रेल्वे स्टेशन पारा (कुरूद ) में आयोजित था. शुभारंभ मां शाकंभरी एवं श्रीराम जी के महाआरती तथा पुजा अर्चना के साथ हुआ. समाज के अध्यक्ष सियाराम पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज में एकता, अखंडता एवं समरसता बनाने के लिए सब का भागीदारी आवश्यक है. युवाओं एवं महिलाओं को समाज के नियमावली एवं आचार संहिता का अध्ययन अवश्य करना चाहिए जिससे समाज विकास के लिए प्रोत्साहित हो। बैठक में बगौद राज अध्यक्ष सियाराम पटेल, सभापति रामकुमार पटेल,उपाध्यक्ष वासुदेव पटेल, संरक्षक तुकाराम पटेल, सचिव अर्जुन पटेल, कोषाध्यक्ष विमल पटेल, उपकोषाध्यक्ष घांसु पटेल, सलाहकार दुजराम पटेल, हिच्छा राम पटेल, हुलास पटेल, किशोर पटेल, देवनाथ पटेल, देवचरण पटेल, गैंदुराम पटेल, भूपेंद्र पटेल, महेंद्र पटेल, निर्मल पटेल, हेम पटेल सहित पुरे 28 गांवों के ग्राम प्रमुख, पंचगण, युवा, महिला बड़ी संख्या में उपस्थित रहा ।

### स्वामी करपात्री स्कूल में गृहमंत्री विजय शर्मा ने दिलाई स्वच्छता की शपथ



**कवर्धा, 3 अक्टूबर।** स्वामी करपात्री स्कूल में छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने स्वच्छता की शपथ दिलाई । उप मुख्यमंत्री विजय और सांसद संतोष पांडेय सहित जनप्रतिनिधियों ने झाड़ू लगाकर और साफ सफाई कर स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया । जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी , जिला बीजेपी महामंत्री संतोष पटेल , जिला बीजेपी उपाध्यक्ष जसविंदर बागा , जिला बीजेपी उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी , जिला बीजेपी उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल , नगर अध्यक्ष मनहरण कौशिक , पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सालुजा , सभापति उमंग पांडेय , शहर अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी , उपाध्यक्ष श्रीकांत उपाध्याय कलेक्टर गोपाल वर्मा , जिला सीईओ संदीप अग्रवाल , पवन जायसवाल , सुनील साहू , सनत साहू ने स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया ।

# नपं अध्यक्ष ने स्वच्छता दीदीयों व सफाई मित्रों का किया सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 3 अक्टूबर ।** स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत नगर पंचायत पिपरिया द्वारा दिनांक 02अक्टूबर,2024 दिन बुधवार को सफाई मित्रों एवं स्वच्छता दीदीयों का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत पिपरिया के सभागार में रखा गया। जिसमें निकाय के सफाई मित्रों एवं स्वच्छता दीदीयों का सम्मान नगर पंचायत अध्यक्ष श्री विक्की अग्रवाल के द्वारा किया गया। श्री अग्रवाल द्वारा अपने उद्बोधन में ÷निकाय में नवरात्रि पर्व प्रारंभ होने के पूर्व नगर के मंदिरों एवं दुर्गा पंड़लों की साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने तथा शासन के मंशानुरूप स्वच्छ बनाये रखने पर प्रकाश ड़ाला गया।÷ उक्त अवसर पर जनप्रतिनिधियों के अलावा निकाय के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### पंखे की सफाई कर स्टाफ ने स्वच्छता ही सेवा का दिया संदेश



**कवर्धा, 3 अक्टूबर।** जिला कलेक्टर के निर्देशन में गांधी जयंती के अवसर पर लोक निर्माण विभाग कवर्धा में प्रभारी कार्यपालन अभियंता एल.पी.परगनिहा के मार्गदर्शन में लोक निर्माण विभाग कार्यालय में 2 अक्टूबर को साफ सफाई किया गया। स्वच्छता ही सेवा भावना के मनोभाव से कार्यालयीन कर्मचारी अभिषेक वैष्णव एवं मुरली मानिकपुरी के द्वारा अपने ऑफिस की साफ सफाई किया गया।

# पीजी महाविद्यालय बेमेतरा में सेवानिवृत्त होने पर प्राचार्य को दी गई विदाई



**कवर्धा,3 अक्टूबर।** पी.जी.महाविद्यालय बेमेतरा में प्राचार्य डॉक्टर परमेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। डॉक्टर चंद्रवंशी 30 सितंबर को अपने अमूल्य जीवन के छणो में 41 वर्ष 11 माह 17 दिन की प्रशासनिक सेवा में रहते हुए राष्ट्र हित और छात्र हित में सेवा प्रदान करते हुए सेवानिवृत्त हुए । डॉक्टर चंद्रवंशी जी कबीरधाम जिले के ग्राम नेऊरगांव खुर्द बोड़ला ब्लॉक में जन्म हुए। इनका स्कूल शिक्षा पोंडी और बोड़ला में हुआ। महाविद्यालयीन शिक्षा राजनादगांव के दिग्विजय कॉलेज में एम. फिल. और पी. एच. डी. गुरुघासीदास विश्व विद्यायल में किये । सेवा के दौरान डॉक्टर चंद्रवंशी जी प्राचार्य के रूप में पी. जी. महाविद्यालय कवर्धा, गंडाई महाविद्यालय, महिला महाविद्यालय बेमेतरा, पी. जी. महाविद्यालय बेमेतरा में अपना अमूल्य सेवा प्रदान किएपी जी महाविद्यालय के प्राचार्य रहते हुए पी जी कॉलेज बेमेतरा को प्रदेश के सबसे अच्छे महाविद्यालय के रूप में पहचान दिलाया। बेमेतरा जिले के सभी विद्यालयों के प्राचार्य , प्राध्यापक, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थियों , पत्रकार, मित्रो ने बहुत की यादगार बिदाई दी। ।इस अवसर पर पी. जी. महाविद्यालय के सभी प्रोफेसर, व्यख्याता, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्रों ने विदाई समारोह का आयोजन कर डॉक्टर चंद्रवंशी को भावपूर्ण विदाई दिए ।प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत दिन समाज और परिवार के लोगो ने डॉक्टर चंद्रवंशी का भव्य स्वागत किया । इस अवसर पर समाज के लोगो ने कहा कि अब डॉक्टर चंद्रवंशी के अनुभव और ज्ञान का उपयोग समाज हित में और जनकल्याण में रहेगा ।

### साइकिल से ओंकारधर शर्मा ने बिलासपुर पहुंच पर्यावरण स्वच्छता का संदेश दिया



**कवर्धा, 3 अक्टूबर।** कवर्धा से ओंकार धर शर्मा सायकल चलाते हुए बिलासपुर पहुंचकर पर्यावरण स्वच्छता और बेहतर स्वास्थ्य का संदेश दिया । लोक निर्माण विभाग में बड़े बाबू के पद पर कार्यरत है और उन्होंने बताया की पर्यावरण स्वच्छता बहुत जरूरी है क्योंकि पर्यावरण स्वच्छ है तो हम सभी सुरक्षित है ।

संपादकीय

# लगना भी तो चाहिए कुछ किया है

यह आज की बात नहीं है पुराने समय में भी कोई राजा या पंचायत के पास जाता था तो न्याय की गुहार लगाता था तो राजा और पंचायत भी ऐसा कुछ करते थे कि न्याय मांगने वाले को लगे कि उसके पक्ष में कुछ किया गया और दूसरे पक्ष को भी लगे कि वह जैसा चाहता था वैसा भी किया गया है। जनता को भी लगे कि न्याय किया गया है। वर्तमान में बहुत सारे लोग कई मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट चले जाते हैं, सुप्रीम कोर्ट के लिए उसमें कानूनी तौर पर कुछ खास करने को होता नहीं है लेकिन उसे दिखाना होता है कि उसने कुछ किया है। बुलडोजर से अवैध अतिक्रमण मामले में नगर पालिका, नगर निगम जो कुछ करते हैं वह कानून के अनुसार होता है। .यानी देश में अतिक्रमण हटाने के लिए कानून बना हुआ है। अब तक कई राज्यों में इसी कानून के अवैध कब्जे हटाने का काम किया जा रहा है। वह भी बगैर जाति धर्म देखे किया जा रहा है। अब कोई सुप्रीम कोर्ट इस मामले को ऐसे तो नहीं ले जा सकता कि मेरा अतिक्रमण बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है। क्योंकि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का भी साफ कहना है कि यदि किसी ने कहीं पर भी शासकीय भूमि पर कब्जा किया है तो उसे तोड़ा जाना चाहिए। इसलिए लोग बुलडोजर न्याय के नाम पर सुप्रीम कोर्ट में मामले को ले गए और बताने की कोशिश की कुछ राज्य सरकारों ने सुप्रीम कोर्ट का काम करना शुरू कर दिया है। वह किसी पर आरोप लगने या दोषी पाए जाने पर उसकी संपत्ति को बुलडोजर से तोड़ रहे हैं। यानी राज्य सरकारे बुलडोजर के जरिए न्याय कर रही हैं। न्याय का काम तो कोर्ट का है, सरकार का थोड़ी न है। स्वाभाविक है कि सुप्रीम कोर्ट को लगेगा कि क्या मामला हैं देखना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट अब मामले को देखेगा तो सभी पक्षों की बात सुनेगा फिर उसे कुछ करना भी तो पड़ेगा तो उसने देखने के बाद कहा है कि वह इस मामले मे गाइड लाइन जारी करेगा। यानी सुप्रीम कोर्ट कब्जा व निजी संपत्ति ध्वस्तीकरण कैसे किया जाना चाहिए, इसे विस्तार से आने वाले दिनों में बताएगा। सुप्रीम कोर्ट को यह भी समझाने की कोशिश की गई थी कि एक वर्ग विशेष लोगों पर ही बुलडोजर की कार्रवाई की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने जब दोनो पक्षों को सुना तो साफ हो गया कि ऐसा कहने वाले झूठ कह रहे हैं क्योंकि जिन लोगों ने भी सरकारी जमीन पर कब्जा कर मकान या दुकान बनाया है तो उसे ही तोड़ा गया है। यह बात जरूर है कि अवैध कब्जा तो बरसों से था, उसे तोड़ने का फैसला किसी किसी तरह के अपराध के बाद किया गया। इससे यह धारणा बनी की फलाने आदमी ने यह अपराध किया इसलिए उसका मकान तोड़ दिया गया। जबकि हकीकत यह भी है कि उसने अवैध कब्जा कर मकान या दुकान तो पहले बना लिया था। अपराध उसने बाद में किया। अपराध करने के बाद शासन प्रशासन को पता चला कि उसका मकान अवैध कब्जे में बना है, इसलिए नोटिस देकर उसे तोड़ा गया। हर शहर में अवैध कब्जे होते रहते हैं जैसे जैसे उसका पता चलता है नगर निकाय उसे तोड़ता है। कई बार सालों तक लोगों के अवैध कब्जे होते रहते हैं, सालों तोड़े नहीं जाते हैं इसका मतलब यह नहीं होता है कि बाद में उनको तोड़ा नहीं जा सकता। कई बार तो ऐसा भी होता है कि एक सरकार के समय उसके नेता कार्यकर्ता अवैध कब्जे करते हैं और करवाते हैं और दूसरी सरकार आती है तो उनको तोड़ा जाता है। तब राजनीति की जाती है कि वर्ग विशेष के खिलाफ, राजनीतिक दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं के खिलाफ बदले की भावना से कार्रवाई की जा रही है। और यही लोग सुप्रीम कोर्ट में शिकायत करते हैं और चाहते हैं कि बुलडोजर न्याय पर रोक लगाई जाए। हकीकत में बुलडोजर न्याय किया ही नहीं जा रहा है। अवैध कब्जे तोड़ने में बुलडोजर का उपयोग किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर से अवैध कब्जे हटाने पर रोक नहीं लगाई है, इससे साफ है कि उसे भी बात समझ में आ गई है कि लोग क्या चाहते हैं और उसे क्या करना है ताकि इस मामले में फिर कोई उसका समय बरबाद न करे।

विश्लेषण

निर्मल रानी

# महिला सुरक्षा-दर्पण झूठ न बोले



महिला सुरक्षा व संरक्षण के जितने दावे हमारे देश में किये जाते हैं उतने किसी देश में नहीं किये जाते। इसी तरह जितना धार्मिक होने का दिखावा हमारे देश में किया जाता है,धर्म व अध्यात्म की जितनी चर्चा हमारे देश में की जाती है शायद अन्यत्र कहीं नहीं होती। परन्तु इसके विपरीत पूरे देश में उतना ही अधिक अधर्म व्याप्त नजर आता है। कोई क्षेत्र कोई संस्था कोई विभाग ऐसा नहीं जहाँ नारी का अपमान न होता हो,जहाँ झूठ और भ्रष्टाचार सिर चढ़कर न बोलता हो। जहाँ स्वार्थ और मुफ़्तखोरी का बोल बाला न हो। परन्तु इस वास्तविकता के बावजूद सुबह से शाम तक पूरे देश में बड़े बड़े पेशेवर प्रवचन कताओं के 'सत्संग ' आयोजित होते रहते हैं। देश के लाखों मंदिरों मस्जिदों व अन्य सभी धर्मस्थलों से भजन कीर्तन आरती अजान भजन शब्द प्रेयर आदि की आवाजें सुनाई देती हैं। विभिन्न धर्मों व समुदायों के धार्मिक जुलूस सड़कों पर उतर कर अपने धार्मिक होने का प्रदर्शन करते रहते हैं। कन्याओं की पूजा भी शायद हमारे देश के सिवा और कहीं नहीं की जाती। देवियों की परिकल्पना भी शायद सिर्फ हमारे ही देश में की गयी है।

परन्तु हक़ीकत तो बिल्कुल इससे विपरीत है। नारी शोषण तथा नारी अत्याचार की जितनी घटनाएं बल्कि जितनी घिनौनी और वीभत्स घटनायें हमारे देश में होती हैं उतनी कहीं नहीं होतीं। और इससे भी शर्मनाक बात यह कि बलात्कारियों व हत्यारों को सत्ता का संरक्षण मिलते हुये भी देखा जा सकता है। पिछले दिनों तो ऐसी अनेक घटनाएं देश में घटीं जिन्हें सुनकर यह सोचने के लिये मजबूर होना पड़ा कि जब संभ्रांत व अभिजात वर्ग की महिलाओं का यह हाल है,वे तक सुरक्षित नहीं फिर आखिर साधारण परिवार की या गरीब घरों की कन्याओं की सुरक्षा की बात कैसे सोची जा सकती है ? कोलकाता में गत अगस्त माह में आरजी कर मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ उसी अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पहले बलात्कार किया गया उस के बाद उसकी हत्या कर दी गयी। चूँकि मामला बंगाल राज्य का था इसलिये इस मामले में विरोध प्रदर्शन का स्तर काफी ऊँचा रहा। इतना ऊँचा कि लंबे समय तक राज्य के डॉक्टर्स हड़ताल पर रहे। खबरों के मुताबिक डॉक्टरों की इसी हड़ताल के दौरान राज्य भर में 23 मरीजों की जान भी चली गयी। इसी प्रकार 15 सितंबर को एक सैन्य अधिकारी की मंगेतर के साथ ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित भरतपुर पुलिस स्टेशन में पहले बदसलूकी की उसका यौन-उत्पीड़न किया, फिर आर्मी ऑफिसर को लॉकअप में बंद कर दिया। हद तो यह है कि पीड़िता के अनुसार थाने में मौजूद पुलिस अधिकारी ने पहले उसके हाथ-पैर बांधे फिर उसके कपड़े उतारे उसके बाद एक पुरुष पुलिस अधिकारी ने उनके अंडरगारमेंट उतारे, फिर छाती पर लातें मारीं। उसके बाद जब थाने में इंस्पेक्टर-इन-चार्ज पहुंचा तो उसने पीड़ित की पैंट नीचे कर उसे अपना प्राइवेट पार्ट दिखाया और अश्लील बातें कीं। हालांकि इस मामले के हाई प्रोफाइल हो जाने के बाद 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड होने की खबर जरूर है परन्तु इस सवाल से कैसे मुंह मोड़ा जा सकता है कि एक शिक्षित महिला अपने सैन्य अधिकारी मंगेतर के साथ जब सुरक्षित नहीं फिर आखिर साधारण महिलाओं की इज्जत आबरू की कौन सी गारंटी ? खबर यह भी है कि इस घटना के बाद सेना में भी रोष पैदा हो गया था। याद कीजिये गत वर्ष 30 अगस्त को एक बावर्दी महिला कांस्टेबल खून से लथपथ हालत में अयोध्या स्टेशन के करीब सरयू एक्सप्रेस में बर्थ के नीचे छुपी मिली थी। यानी चलती ट्रेन में दुस्साहसी अपराधियों ने उसकी वर्दी की परवाह किये बिना उसपर हमला बोल दिया था। बाद में पुलिस द्वारा दावा किया गया कि घटना के 20 दिन बाद ही आरोपी को यूपी पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया। इसी तरह विभिन्न सरकारी कार्यालयों से खबरें आती हैं कि कार्यालय के वरिष्ठ या दबंग किस्म के लोग अपनी अधीनस्थ महिला कर्मियों को अपनी हवस का शिकार बनाते हैं। उत्तर प्रदेश के पी डब्ल्यू डी विभाग का ऐसा ही एक मामला तो इस वक़्त काफी चर्चित हो गया है जिसमें सह कर्मचारियों द्वारा एक महिला को डरा धमकाकर कई बार बलात्कार किया गया। वह गर्भवती हो गयी और कोविड के दौरान उसकी मौत भी हो गयी। धर्मस्थान व धर्मगुरु तो नारी शोषण बलात्कार को लेकर तो कुछ ज्यादा ही चर्चा में रहते हैं। कहीं मंदिर में बलात्कार की खबरें आती हैं।




कहीं कोई पुजारी पकड़ा जाता है। हद तो यह है कि पिछले दिनों अयोध्या के नवनिर्मित राम जन्म भूमि मंदिर में वहां की एक सफाई कर्मी महिला के साथ वहां कार्यरत लोगों द्वारा बलात्कार किये जाने की खबर आ गयी। उससे अधिक पवित्र,सुरक्षित व सम्मानित स्थान और किसे कहा जाये ? कुछ समय पूर्व गाजियाबाद जिले में पड़ने वाली गंग नहर के किनारे स्थित एक मंदिर में वहां के महंत द्वारा महिलाओं के कपड़े बदलने वाले हिस्से में एक गुप्त कैमरा लगाया गया था। इस कैमरे को महंत अपने मोबाईल फोन में देखता रहता था। और कई नग्न महिलाओं की क्लिप को बार बार देखा करता था। पता चलने पर उसकी शिकायत हुई वह गिरफ़्तार हुआ तथा तमाम आपत्तिजनक वीडिओ क्लिप उसके मोबाइल से बरामद की गयी।

इसी तरह मध्य प्रदेश के इंदौर में तेजाजी नगर के एक मंदिर में एक पुजारी के घिनौने कृत्य का पदार्फाश हुआ। यहाँ एक 35 वर्षीय पुजारी ने एक 21 साल की युवती के साथ मंदिर में बने कमरे में ही दुष्कर्म कर डाला। इतना ही नहीं बल्कि पुजारी ने दुष्कर्म करने के बाद न केवल युवती को धमकाया बल्कि वह युवती के पिता पर इस बात के लिये दबाव भी बनाया करता था कि वह अपनी बेटी को रोज मंदिर भेजा करे। देश के किसी न किसी कोने से आए दिन ऐसी कई घटनाएं रोज होती रहती हैं। यहाँ तक कि मासूम किशोरियों को भी भेड़िये मानसिकता के लोग नहीं बख़्शते।

दरअसल जहाँ लोगों की विकृत मानसिकता इन घटनाओं के लिये जिम्मेदार है वहीँ बलात्कारियों को मिलने वाला सत्ता का प्रश्रय व सहयोग भी इसके लिये कम जिम्मेदार नहीं। कहीं आजीवन कारावास काट रहे किसी हत्यारे बलात्कारी को अपने राजनैतिक लाभ के लिये चार साल में रिकार्ड 15 बार पेरोल दे दी जाती है तो कहीं सामूहिक बलात्कारियों व हत्यारों को सत्ता द्वारा चरित्र प्रमाण पत्र देकर जेल से रिहा करवा दिया जाता है। महिला सुरक्षा को लेकर सरकार जो चाहे दावे करे या अपनी पीठ थपथपाये परन्तु सच तो यही है कि दर्पण कभी भी झूठ नहीं बोलता।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए यश और कीर्ति में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप बिजनेस की किसी डील को लेकर यदि लंबे समय से परेशान चल रहे थे, तो वह फाइनल हो सकती है। आपको अपने किसी काम को कल पर टालने से बचना होगा, लेकिन यदि आपको कोई शारीरिक कष्ट चल रहा है, तो उसे आप नजरअंदाज ना करें। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों अपने साथी के साथ रोमांटिक मूड में रहेंगे और उन्हें कहीं घूमाने फिराने लेकर जाएंगे। माताजी से आपकी कुछ खटपट होने की संभावना है, इसलिए बहुत ही सोचसमझ कर बोले। कार्यक्षेत्र में आपकी अच्छी सोच का स्वागत होगा। दोस्तों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपको किसी नए पद की प्राप्ति होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। राजनीतिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को कोई बड़ा पद मिलने की संभावना है। आपको अपने कामों को लेकर योजनाएं बनानी होंगी और आप अपने धन का निवेश भविष्य के लिए कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छा रहेगा। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। विद्यार्थियों को घूमने फिरने के दौरान जानकारी प्राप्त होगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। कला कौशल में निखार आएगा। आपको अपने विरोधियों से थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है। किसी काम को आप भाग्य के भरोसे ना छोड़े। आपने यदि कोई काम को लेकर लोन अप्लाई किया था, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। आपके पिताजी को आपकी कोई बात बुरी लग सकती है। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपके ऊपर काम का दवाब अधिक रहेगा। आपके पद-प्रतिष्ठा बढ़ने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपने जीवनसाथी को कहीं घूमाने फिराने लेकर जा सकते हैं। आपको अपने खानपान पर पूरा ध्यान देना होगा। आपके घर परिवार की जिम्मेदारियां अधिक रहेंगी, लेकिन भाई-बहन आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों की बातों पर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। किसी से यदि आपने धन उधार लिया था, तो उसे आप काफी हद तक उतारने में सफल रहेंगे।

कन्या- आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपके कुछ शत्रु आपका काम बिगड़ने की कोशिश करेंगे। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको किसी पर आंखें बंद करके भरोसा करना नुकसान देगा। आपको अपने खान-पान पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि आप किसी नई योजना को लेकर परेशान चल रहे थे, तो उसकी शुरूआत कर सकते हैं। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी विद्यार्थियों को पढ़ाई में कुछ नया हासिल करने का मौका मिलेगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में आपको जीत मिलती दिख रही है। आपका कोई नया प्रोजेक्ट शुरू हो सकता है। छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। आप किसी से कर्ज लेने से बचें, लेकिन आप अपने घर के रिनोवेशन ऑफर पर अच्छा खासा धन खर्च करेंगे, जिसके लिए आप लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। गृहस्थ जीवन में साथी आपके कामों में पूरा साथ देंगे, जिससे प्रेम भरपूर रहेगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपके परिवार में लंबे समय से यदि कोई टेंशन चली आ रही थी, तो वह दूर होगी। संतान को कोई अवार्ड मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। नौकरी में कार्यरत लोगो को काम के सिलसिले में कहीं किसी यात्रा पर जा सकते हैं। आपको अपने बिजनेस में चल रही समस्याओं को लेकर अपने पिताजी से बातचीत करनी होगी, तभी वह दूर होती दिख रही हैं। आर्थिक मामलों में आपको सावधान रहना होगा और आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी सुनने को मिले, तो आप उससे लीक ना करें।

धनु- आज का दिन आपके लिए किसी नये काम में हाथ डालने के लिए बचाना होगा, इसलिए आप शेयर मार्केट में भी सोच विचार कर आगे बढ़े। रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आपके बिजनेस में कुछ उतार-चढ़ाव के बाद भी आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में कुछ समस्या आने के कारण आपको भागदौड़ लगी रहेगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको अधिक मेहनत के बाद ही सफलता मिलती दिख रही है। यदि आपको कोई टेंशन चल रही थी, तो वह बढ़ सकती है। आपके जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से नुकसान हो सकता है। आपको कार्यक्षेत्र की योजना पर पूरा ध्यान देना होगा। आपको किसी संपत्ति को लेकर कोई वाद-विवाद चल रहा था, तो उसे आप मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से उतार चढ़ाव भरा रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में तालमेल बना रहेगा। आपके अंदर प्रतिस्पर्धा का भाव बना रहेगा। सामाजिक कामों में आप बढ़ चढ़कर चलेंगे। माता-पिता के साथ मिलकर आप अपने घर परिवार में चल रही समस्याओं को दूर करने की कोशिश करेंगे। आपको यदि संतान के करियर को लेकर चिंता थी, तो आप उसके लिए किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशवरा कर सकते हैं। आपके आसपास का माहौल आनंदमय रहेगा।

मीन- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपने कामों में अच्छी सफलता मिलने की संभावना है, लेकिन आपको किसी काम को संयम रखकर निपटना होगा। आप किसी लेन देन को लेकर आप यदि परेशान चल रहे थे, तो आपके वह समस्या भी दूर होगी। आप किसी नए वाहन की खरीदारी पर अच्छा खासा धन खर्च करेंगे। आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट मिलने की संभावना है।

नवरात्रि

प्रज्ञा पाण्डेय

# शारदीय नवरात्र में होती है मां दुर्गा के रूपों की आराधना

हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 03 अक्टूबर, 2024 को रात 12 बजकर 18 मिनट पर शुरू होगी। वहीं इस तिथि का समापन 04 अक्टूबर को रात 02 बजकर 58 मिनट पर होने जा रहा है। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, शारदीय नवरात्र का पहला दिन 03 अक्टूबर को मनाया जाएगा। आज से शारदीय नवरात्र शुरू हो रहा है, नवरात्र में जगती जननी मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा होती है, तो आइए हम आपको शारदीय नवरात्र की पूजा विधि एवं शुभ मुहूर्त के बारे में बताते हैं। नवरात्र का पहला दिन विशेष महत्व रखता है। इस दिन पर माता रानी के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री की पूजा-अर्चना का विधान है। नवरात्र पूजा की शुरूआत घटस्थापना के साथ होती है। पंडितों के अनुसार यदि पूरे विधि-विधान के साथ घटस्थापना की जाए, तो इससे माता रानी का साधक के घर में आगमन होता है। ऐसे में घटस्थापना की सामग्री में इन चीजों का शामिल जरूर करें, ताकि आपकी पूजा में किसी तरह की बाधा न पंहुचे।

**मां को पसंदीदा भोग लगाने से होगा लाभ**-सालभर में दो बार मनाई जाने वाली नवरात्रि श्रद्धालुओं के लिए बेहद खास होती है। 9 दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। कई भक्त पूरे 9 दिन तक मां को प्रसन्न करने के लिए व्रत रखते हैं तो कुछ लोग पहले व आठवें दिन। इसलिए मां को प्रसन्न करने के लिए हर दिन के हिसाब से अलग भोग भी नियत किया गया है। ऐसे में दिन के हिसाब से मां को भोग लगाने से दुखों से मुक्ति मिलती है। साथ ही जीवन में होने वाली घटनाएं भी टल जाती हैं।

**शारदीय नवरात्र में घट स्थापना का शुभ मुहूर्त** -हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 03 अक्टूबर, 2024 को रात 12 बजकर 18 मिनट पर शुरू होगी। वहीं इस तिथि का समापन 04 अक्टूबर को रात 02 बजकर 58 मिनट पर होने जा रहा है। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, शारदीय नवरात्र का पहला दिन 03 अक्टूबर को मनाया जाएगा।

**इस नवरात्र में घट स्थापना के हैं दो शुभ मुहूर्त**-इस साल शारदीय नवरात्रि पर कलश स्थापना के लिए दो शुभ मुहूर्त हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि के पहले दिन शुभ मुहूर्त में घट स्थापना और विधि-विधान के साथ पूजा करना बहुत ही फलदायी माना जाता है।

पहला शुभ मुहूर्त- गुरुवार, 3 अक्तूबर को सुबह 6 बजकर 15 मिनट से लेकर सुबह 7 बजकर 22 मिनट तक रहेगा।

दूसरा शुभ मुहूर्त- गुरुवार, 3 अक्तूबर को अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 46 मिनट लेकर 12 बजकर 33 मिनट तक।

**चौघड़िया मुहूर्त में कलश स्थापना**

शुभ- सुबह 6.16 से 7.47 तक
लाभ- दोपहर 12.20 से 1. 51 तक
अमृत-दोपहर 1.51 से 3.21 तक
शुभ- शाम 4.52 से 6.23 तक

**स्थापना के समय ये तरीके अपनाएं**-कलश स्थापित करने के लिए व्यक्ति को सदैव नदी की रेत का इस्तेमाल करना चाहिए। इस रेत में सबसे पहले जौ डालें। उसके बाद कलश में इलायची, गंगाजल, पान, लौंग, रोली, सुपारी, कलावा, हल्दी, चंदन, रुपया,अक्षत, फूल इत्यादि डालें। इसके बाद 'ॐ भूम्यै नमः' का जाप करते हुए कलश को सात प्रकार के अनाज के साथ रेत के ऊपर स्थापित करें। मंदिर में जहां आप कलश स्थापित किया है वहां नौ दिन तक अखंड दीपक जलाते रहें।



**विधानपूर्वक पूजन से मिलता है विशेष लाभ**-पंडितों का मानना है कि सही मुहूर्त में पूजन आरंभ से लेकर सम्पूर्ण विधान से माता का पूजन जातक का भला करने वाला होता है। नवरात्रि के पहले दिन शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना करते हुए मां के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा आराधना होगी। जबकि इसके बाद नौ दिनों तक शक्ति की साधना-आराधना के क्रम में माता के विभिन्न स्वरूपों का पूजन सम्पन्न होगा। दुर्गा उपासना, पूजा, उपवास और मंत्रों के जाप का विशेष महत्व होता है इसलिए हर जातक इसका विशेष ध्यान रखें।

**कलश स्थापना का महत्व** -हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान और किसी भी विशेष अवसर पर कलश स्थापना बेहद ही महत्वपूर्ण होती है। शास्त्रों में कलश स्थापना को काफी महत्व दिया जाता है और इससे सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। पंडितों का मानना है कि कलश में सभी ग्रह,नक्षत्रों और तीर्थों का निवास होता है।


शारदीय नवरात्र में ऐसे करें पूजा, मिलेगा लाभ

कलश स्थापना को शुभता और मंगल का प्रतीक माना जाता है ।शास्त्रों के अनुसार कलश में जल को ब्रह्मांड की सभी सकारात्मक ऊजाओं का स्त्रोत माना गया है। इसे देवी दुर्गा की शक्ति और सृजन की प्रतीकात्मक उपस्थिति माना जाता है। कलश स्थापना के साथ ही देवी के नौ रूपों का आवाहन किया जाता है, और यह नौ दिन तक चली पूजा का मुख्य केंद्र होता है। यह विधि नकारात्मक शक्तियों से रक्षा करने और घर में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने का साधन माना जाता है। कलश स्थापना के साथ देवी दुर्गा की पूजा आरंभ होती है और यह पूजा साधक के मन और घर को पवित्र करने का माध्यम होती है। 3 अक्तूबर 2024 को प्रतिपदा तिथि पर सबसे पहले सुबह जल्दी उठकर स्नान-ध्यान कर लें और मन में माता का ध्यान करते हुए विधिवत पूजा आरंभ करें। कलश स्थापना के लिए सामग्री तैयार कर लें। कलश स्थापना के लिए एक मिट्टी के पात्र में या किसी शुद्ध थाली में मिट्टी और उसमें जौ के बीज डाल लें। इसके उपरांत मिट्टी के कलश या तांबे के लोटे पर रोली से स्वास्तिक का चिन्ह बनाएं और ऊपरी भाग में मौली बांध लें। इसके बाद लोटे में जल भर लें और उसमें थोड़ा गंगाजल जरूर मिला लें। फिर कलश में दूब, अक्षत, सुपारी और सवा रुपया रख दें। इसमें आम या अशोक की छोटी टहनी कलश में रख दें। इसके बाद एक पानी वाला नारियल लें और उस पर लाल वस्त्र लपेटकर मौली बांध दें। फिर इस नारियल को कलश के बीच में रखें और पात्र के मध्य में कलश स्थापित कर दें। अंत में दुर्गा चालीसा का पाठ करें और आरती करें।

**मां दुर्गा की पूजा से होती है सभी मनोकामनाएं पूरी**-वैदिक पंचांग के अनुसार, शारदीय नवरात्र की शुरूआत 03 अक्टूबर से हो रही है। यह पर्व जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा को समर्पित है। इस दौरान मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। साथ ही शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के निमित्त व्रत रखा जाता है। मां दुर्गा की पूजा करने से साधक ही हर मनोकामना पूरी होती है। इसके साथ ही घर में सुख एवं समृद्धि आती है।

छत्तीसगढ़ी में व्यंग्य-लेखन-डॉ सुधीर शर्मा

# छत्तीसगढ़ी व्यंग्य लेखन में लालित्यपूर्ण दस्तक



हिन्दी भू-भाग में आंचलिक और राज्य भाषाएं हिन्दी को सामर्थ्य देती हैं । इसका गुरतुरपन और गजब की संप्रेषणीयता इसे हिन्दी के साहित्य की विविध विधाओं में सुपाच्य करती हैं। तुलसी, विद्यापति और कबीर के बाद रेणु, नागार्जुन और धूमिल जैसे लोगों ने जहां अपनी मातृभाषाओं के साथ-साथ हिन्दी को समृद्ध किया, वहीं अनेक लेखकों ने अपनी-अपनी मातृभाषाओं में विविध विधाओं में प्रचुर लेखन किया और इन विधाओं को इन भाषाओं में स्थापित किया है। छत्तीसगढ़ी में व्यंग्य-लेखन- निबंध लेखन की बात करें तो अनेक नाम सामने आते हैं ।छत्तीसगढ़ के इतिहासकारों ने शुकलाल पाण्डेय द्वारा कॉमेडी आफ एरर्स के छत्तीसगढ़ी अनुवाद छत्तीसगढ़ी भूल-भूलैया को प्रथम व्यंग्य कहा है। छत्तीसगढ़ में आजादी के बाद की कविताओं में भी व्यंग्य-कविताएं लिखीं गई हैं ।द्वारिकाप्रसाद तिवारी विप्र, कोदू राम दलित, भगवती सेन, कुंजबिहारी चौबे,आदि की रचनाएं प्रस्तुत हुई हैं। आधुनिक समय में हिन्दी में छत्तीसगढ़ में प्रचुर व्यंग्य निबंध लिखे गए और व्यंग्य आलोचकों ने छत्तीसगढ़ को व्यंग्यगढ़ के रूप में संबोधित किया। श्यामलाल चतुर्वेदी, पालेश्वर शर्मा और नारायण लाल परमार के लेखन में व्यंग्य की झलक दिखाई देती है। इधर रामेश्वर वैष्णव, लक्ष्मण मस्तुरिहा,सुशील भोले, कुबेर, सुशील यदु, बीरेन्द्र सरल, संजीव तिवारी, जैसे अनेक नाम हैं जिन्होंने छत्तीसगढ़ी आधुनिक व्यंग्य निबंध लेखन को समृद्ध किया है। रामेश्वर वैष्णव में विशुद्ध व्यंग्य निबंध रचने की गजब क्षमता है और उनके लेखन की संप्रेषणीयता का जवाब नहीं है।

ऐसी गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ के चर्चित रंगकर्मी, सिनेकर्मी, लेखक, जनसंपर्क विशेषज्ञ और कुशल संचालक जैसे अनेक विधाओं में असीम ऊर्जा के साथ सक्रिय लेखक श्री विजय मिश्रा 'अमित' अपने छत्तीसगढ़ी व्यंग्य लेखन में नवीन ताजगी और गजब की संप्रेषणीयता के साथ प्रकट हुए हैं ।

विजय मिश्रा की नव प्रकाशित व्यंग संग्रह 'कल्लू कुकुर के पावर' आज की राजनीति, प्रशासन, व्यवस्था-कुव्यवस्था और बनावटी जीवन-शैली के विविध कथ्यों, प्रसंगों और विसंगतियों पर प्रहार करने का सफल प्रयास है। व्यंग्यकार के पास एक परिपक्व रंग-दृष्टि है। अपने परिवेश के पात्रों को परखने की सूक्ष्म कला है। वे इन पात्रों में विसंगतियों के साथ वैशिष्ट्य का भी मूल्यांकन कर लेते हैं। सामाजिक घटनाओं, तथ्यों,दृश्यों और जीवन-शैली को भी पैनी दृष्टि से वे देखते-समझते हैं, इसीलिए उनके पास अभिव्यक्ति की रचनात्मक कला भी है। प्रस्तुत व्यंग्य संग्रह अपने नाम के अनुरूप हमारे समय के विविध काले पात्रों का पोस्टमार्टम भी करता है।




'कल्लू कुकुर के पावर ' व्यंग संग्रह में 33 व्यंग्य-रचनाएं हैं, जो विषय के वैविध्य के साथ अनेक रंगों में रची-बुनी गई हैं। समीक्षक और प्रसिद्ध व्यंग्यकार श्री रामेश्वर वैष्णव ने इस संग्रह में समाहित रचनाओं को ठेठ छत्तीसगढ़ी बताया है। इन व्यंग्य-रचनाओं में संवेदना के पुट ज्यादा हैं ।प्रथम व्यंग्य 'चिखला पुरान' शीर्षक से है। जिसके आरंभ में पत्नी व्यंग्य चेतस होकर प्रकट होती हैं और लेखक से कहती हैं- ₹वाह रे कलम के पूजेरी, एक पाव पेड़ा म सरस्वती माई ल ललुवारत हस, थोरको लाज नी लागत हे ।₹कैसे एक लेखक अपनी लेखनी को संवारने और प्रसारित करने विविध जतन करता है, इस पर करारा व्यंग्य है। भैंस की पूंछ किस तरह से चिखला पुरान का ताना-बाना बुनती है, यहां भैंस भी माता है। यह चिखला आज की व्यवस्था पर प्रहार करता है और भ्रष्ट नेताओं पर कालिख की तरह चिपक कर भी पछताता है।

एक अन्य व्यंग्य रचना भगवान गणेश की पीड़ा पर केन्द्रित है। लोग गणेश जी को बैठाकर किस तरह उन पर अत्याचार करते हैं, इस पर करारा व्यंग्य है। हमारे समय का क्रूर काल कोरोना काल भी इस संग्रह में पात्र बनकर उभरा है। यहां मास्क और कोरोना के मरीज की त्रासदी व्यंग्य बनकर कहीं गुदगुदाती है तो कहीं भाव-विभोर कर देती है ।एक व्यंग्य रचना में तो गोल्लर रावन के प्रतीक को ही खाकर नए भाव गढ़ता है। घर और दुकानों में टोटका के रूप में टंगा नींबू-मिर्च भी सटीक व्यंग्य का रूप ले लेता है।

श्री विजय मिश्रा 'अमित' की खासियत ही है कि वे इन निबंधों में लोक और लोकभाषा के माध्यम से लालित्य का संचार करते हैं। इतनी लालित्यपूर्ण भाषा-शैली और मारक शब्द कथ्य और पात्र को व्यंग्य का सुंदर प्रतीक बना देते हैं। पुस्तक का शीर्षक व्यंग्य 'कल्लू कुकुर के पावर' में छत्तीसगढ़ के शासन-प्रशासन में दुर्दशा और उपेक्षा पर प्रहार किया गया है। कल्लू कुकुर के बहाने व्यंग्यकार छत्तीसगढ़ी मनुष्य की सहजता और उसके शोषण को इंगित करता है।

छत्तीसगढ़ का इंसान तो इंसान स्वामीभक्त कुकुर भी बाहरी उपेक्षा का शिकार है, वह उदास होकर रो भी लेता है। इस प्रसंग में मुझे रवीन्द्र कंचन याद आते हैं जिन्होंने एक कविता का शीर्षक रखा था मारबो फेर रोवन नइ दन ।

यह व्यंग्य-संग्रह छत्तीसगढ़ी गद्य को नवीन रस देते हुए समृद्ध करता है तथा एक ओर हास्य पैदा करने में सफल है तो दूसरी ओर तिलमिलाहट को और बढ़ाता है।

रचनाएं पाठक का पीछा करती हैं और देर तक सोचने को विवश करती हैं कि उनका परिवेश किस तरह संकट में हैं। किस तरह विविध घटनाएं जीवन के सुख-दुख के साथ भविष्य के बनते-बिगड़ते सपनों को प्रभावित करती हैं। रंग-दृष्टि और अभिनेयता की पूंजी होने के कारण लेखक अनेक स्थानों पर प्रहसन जैसे भाव भी पैदा कर लेते हैं। लगता है कि ये व्यंग्य रचनाएं भविष्य में नाटकों का रूप न ले लें और लेखक अपनी प्रतिभा के अन्य जौहर भी हमें दिखाने आतुर हो जाएं। कुल मिलाकर इन व्यंग्य निबंधों के माध्यम से श्री विजय मिश्रा 'अमित' ने छत्तीसगढ़ी के परिपक्व लेखन में अपने को स्थापित कर लिया है। उनके लेखक का भविष्य उज्ज्वल है, क्योंकि अभी उनके अनुभव-खजाने में से अनेक प्रसंग, घटनाएं, पात्र और दृश्य निकलने आतुर होंगे ।

**पुस्तक - कल्लू कुकुर के पावर**

## एक नजर

### प्रदर्शनी,रंगोली से दिया लोगों को पोषण और स्वच्छता का संदेश

सुकमा, 3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। आज 2 अक्टूबर को ब्लॉक स्तरीय स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत ढोंढरा में किया गया। जिसमें महिला बाल विकास विभाग टीम द्वारा पोषाहार और रेडी टू ईट फूड विविधता की प्रदर्शनी की गई। इस दौरान सभी अतिथिगण द्वारा विभागीय स्टॉल का निरीक्षण किया गया। साथ ही पंचायत स्तर पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ द्वारा बनाई रंगोली को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं नन्ही बालिकाओं के द्वारा स्वच्छता ही सेवा और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम की पर जागरूकता संदेश दिया गया।



### गांधी-शास्त्री जयंती पर वरिष्ठ नागरिकों को किया गया सम्मानित



सुकमा, 3 अक्टूबर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस पी एम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय,कोंटा मे श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवस पर नगर के वयोवृद्ध वरिष्ठ नागरिक जी गंगा चलम,जेट्टी रामाराव,एम राजबाबू जी का सम्मान किया गया गया। उपस्तिथ वरिष्ठ नागरिकों एवं शाला प्रबंधन समिति की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती अन्नपूर्णा दुबे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोंटा पी श्रीनिवास राव, प्रधान अध्यापक टी श्रीनिवास राव, संकुल समन्वयक जी मल्लेश एवं समस्त शिक्षकों के द्वारा गांधी जी एवं शास्त्री जी के तस्वीरों पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया गया। प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के छात्र छात्राओं के द्वारा गीत, कविता, भाषण प्रस्तुत किया, चित्रकला,निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था के विद्यार्थी आर्यन राव, पदाम नंदा ने बापू एवं प्रखर साहू ने शास्त्री जी की वेशभूषा धारण किया जिसका उपस्तिथ सभी अथितियों ने खूब सराहना किया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ नागरिक जेट्टी रामाराव ने बापू एवं शास्त्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए महापुरुषों के जीवन आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने के शपथ दिलाई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शाला प्रबंधन समिति की सदस्या श्रीमती अन्नपूर्णा दुबे ने कहा कि आजीवन अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने वाले बापू ने संपूर्ण मानव जाति को न सिर्फ मानवता का पाठ पढ़ाया बल्कि जिदंगी जीने का सही तरीका भी सिखाया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी श्रीनिवास राव ने कहा की शांतिपूर्ण प्रतिरोध और न्याय के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में गांधी जी की शिक्षाएं और मूल्य न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी।

### स्वच्छता अभियान के तहत के जवानों ने चलाया साफ-सफाई अभियान




सुकमा, 3 अक्टूबर। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विकासखण्ड कोंटा स्थित 218 बटालियन सीआरपीएफ के अल्फा कम्पनी कोन्टा में आज स्वच्छता अभियान के तहत के साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में एसडीएम कोंटा श्री शबाब खान ,डीसी अल्फा कम्पनी, एसी श्री तिलक राम और कम्पनी के जवान मौजूद थे।

### जीपीएस ट्रैकर वाले गिद्ध के सामने आने से एजेंसी इलाके में हड़कंप






सुकमा 3 अक्टूबर। भद्राद्रि कोठागुडेम जिले के चारला मंडल केंद्र में रविवार देर रात जीपीएस ट्रैकर वाला एक गिद्ध सामने आया है। बाज़ की इस हरकत से एजेंसी इलाके में हड़कंप मच गया. थानेदारों की जानकारी के मुताबिक, वहां काम करने वाले कुछ लोगों ने देखा कि बाज़ चार्ला के नायका कॉलोनी में एकलव्य विद्यालय के पास एक खोखले इलाके में आया है और बैठा हुआ है. जगह। उसने भूखा जानकर चिकन डाला और खा लिया। कुछ देर बाद वह उड़ गया.. लेकिन उसके पैरों में कैमरा और जीपीएस ट्रैकर होने के कारण गांव वाले असमंजस में पड़ गए और अब यह कहां से आया यह पूरी एजेंसी में चर्चा का विषय बन गया है, यहां तक कि पुलिस अधिकारी भी इसे लेकर चर्चा में हैं धीनी के बारे में स्पष्टीकरण न दें, सभी भ्रमित होने लगे।

### जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारियों ने की कई जगह साफ-सफाई

धमतरी 3 अक्टूबर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती को स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर स्वच्छता के संबंध में व्यापक जागरूकता प्रसारित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत धमतरी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव के निर्देश पर जिला पंचायत परिसर के आसपास एवं कलेक्टर कार्यालय के मेन गेट के सामने, कम्पोजिट बिल्डिंग के सामने उगे खरपतवार की साफ सफाई एवं झाड़ू लगाकर की गई। स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियों का क्रियान्वयन किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि गांधी जी का समूचा जीवन सत्य, सद्भाव और समानता पर आधारित है इसलिए वह देशवासियों के लिए प्रेरणा बने।

# साप्ताहिक बुधवार बाजार में चहुंओर फैली है गंदगी

## व्यापारियों ने कहा-टैक्स लेती है पालिका पर नहीं कराती है बाजार स्थल की साफ-सफाई



दंतेवाड़ा 3 अक्टूबर। नगर के कतियाररास मोहल्ले में स्थित साप्ताहिक हाट बाजार स्थल के आसपास बेतहाशा फैली पड़ी गंदगी एवं दुर्गधं से वहां के रहवासी काफी परेशान है तो वहीं बुधवार को साप्ताहिक बाजार करने आए व्यापारियों को भी गंदगी एवं दुर्गध के बीच बैठकर व्यापार करना मजबूरी सा बन गया है । व्यापारियों का कहना है कि नगर पालिका तमाम प्रकार के टैकस वसूल करती है मगर साफ सफाई नहीं करती। बुधवार को बाजार लगने के दूसरे दिन बाजार स्थल परिसर की सफाई हर हफते नगर पालिका को करवानी होती है मगर सफाई होती नहीं। जिससे व्यापारियों द्वारा परिसर के आसपास फेके गए कूडे कचरे से पूरा परिसर पट जाता है दूसरे दिन इसकी सफाई होनी चाहिए मगर सफाई नहीं की जाती। इस बुधवार को बाजार परिसर के पास कोई जानवर मरकर सड़ गया था जिसकी दुर्गध पूरे परिसर में फैली हुई थी जिसके वजह से सब्जी खरीदने वाले लोगों तथा बाहर से व्यापार करने आए व्यापारियों को बहुत ही दिक्कत का सामना करना पड़ा। सब्जी परिसर में दुर्गध इतना ज्यादा था कि लोग नाक में रूमाल रखकर सब्जी भाजी की खरीदारी कर रहे थे। दुर्गध इतनी ज्यादा थी कि कई लोग तो सब्जी खरीदे बगैर ही वहां से लौट गए। व्यापारियों ने इस अव्यवस्था के लिए नगर पालिका को जिम्मेदार ठहराया है। बता दें कि सब्जी बाजार स्थल के पास ही मटन चिकन मार्केट भी लगता है जहां से निकलने वाली गंदगी को भी व्यापारी परिसर के आसपास फेंक देते हैं जबकि कायदे ये इसे एक जगह इकटठा कर रखना होता है बाद में पालिका की कचरा वाहन आकर को इसे उठाना ले जाना होता है मगर ऐसा हो नहीं रहा। व्यापारियों का कहना है कि पालिका की गाडी कचरा उठाने बाजार स्थल आती ही नहीं तो कचरा आसपास फेंकना उनकी मजबूरी होती है। कूडा कचरा बाजार परिसार के आसपास फेंकने से दुर्गध फैलता फैलना स्वाभाविक है। इन सब समस्याओं को ठीक करने की जवाबदारी नगर पालिका की है। नगर पालिका हमेशा अपनी जवाबदारी से बचने का प्रयास करती रहती है पालिका के अधिकारी को समस्या बताओ तो उल्टा व्यापारियों पर ही गंदगी के लिए जिम्मेदार ठहराकर उनके सिर ठीकरा फोड़कर अपने को बचाने का प्रयास में लग जाते हैं।

# कैलाशनगर में 2 दिनों से दिन-रात जल रही स्ट्रीट लाइट

■ पालिका की इलेक्ट्रिक शाखा के टेक्निशियन नहीं पकड़ पा रहे फाल्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



दंतेवाड़ा 3 अक्टूबर। पालिका के वार्ड नंबर 14 व 15 में स्थित तमाम पोल की लाईटें बीते दो दिनों से लगातार चौबिसों घंटे जल रही है। इसकी सूचना पालिका के विद्युत विभाग प्रभारी को भी दी गई है। पालिका के विद्युत कर्मचारी दो दिनों से फाल्ट ढूंढ रहे हैं मगर उन्हें फाल्ट मिल ही नहीं रहा। जिसके चलते 30 से 40 खंबे की लाईटें दिन में भी जल रही है। पुराना रेस्ट हाउस के सामने भी पोल की लाईट चौबिसों घंटे जल रही है। इससे बिजली की बेवजह खपत बढ़ रही है। फाल्ट को जल्द ढूंढकर उसे ठीक करने में पालिका कोई रूचि भी नहीं दिखा रही है। पालिका चाहती तो सीएसईबी के अधिकारी कर्मचारियों का सहयोग लेकर इसे ठीक कर सकती है मगर नगर पालिका अपने अजीबो गरीब कृत्यों के लिए जानी पहचानी जाती है। स्ट्रीट लाईट के दिन में जलने से बिजली की खपत बेवजह बढ़ रही है वहीं इससे मर्करी के खराब होने का भी अंदेशा है। अगर दिन रात लाईट जलेगी तो निःसंदेह मर्करी फयूज होगी ही। दरअसल पालिका नगर में किसी भी काम को लेकर गंभीर नहीं दिखती जब पानी सर से उपर हो जाता है तभी इनकी नींद खुलती है जिसके बाद ये जागते हैं और समस्याओं का समाधान करते हैं स्ट्रीट लाईट जलने के मामले में भी यही होता दिख रहा है जब ये जागेंगे तब फाल्ट भी अपने आप मिल जाएगा और लाईटें भी बुझ जाएंगी। मोहल्ले के वार्डवासी भी ईश्वर से यही प्रार्थना कर रहे हैं कि पालिका जल्द कुंभकर्णी नींद से जागे और उनके घरों के सामने पोल में जल रही लाईटें जल्द बुझाई जाए।

### कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में गांधी जयंती मनाई गई

सुकमा 3 अक्टूबर। जिला मुख्यालय के कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में 02 अकटुम्बर गांधी जयंती के शुभ अवसर पर छात्राओं ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली और नगरपालिका के सामने गांधी जी की प्रतिमा में माल्याअर्पण किया और शपथ ली हम गांधी जी के राह पर चल कर घर,गांव,तहसील और जिले को स्वच्छ रखेंगे, स्वस्थ रहेंगे ।स्कूल प्रिंसिपल ने अपने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा की स्वच्छता ही सेवा के सन्दर्भ में हमारे पूज्य बाबू महात्मा गांधी जी ने सन् 2 अक्टूबर 2014 की स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया। आज महात्मा गांधी जी के जयंती के उपलक्ष में हमारे संस्था शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा में जयंती मनायी गयी। शाला परिसर में सभी शिक्षक, शिक्षिकाई व छात्राएं मौजूद थीं।

# खुली नाली में गिरा बैल,मशक्कत के बाद लोगों ने उसे बाहर निकाला

■ खुली नालियां पशुओं के लिए बन रही मुसीबत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



दंतेवाड़ा 3 अक्टूबर। कैलाशनगर में बसंत शर्मा के घर के पास स्थित खुली नाली में बीती रात एक बैल जा गिरा। आस पडोस के लोगों की नजर जब इस बैल पर पड़ी तो लोगों के किसी तरह मशक्कत कर बैल को नाली से बाहर निकाला। गौरतलब है कि पालिका ने नालियों का ढक्कन तो बनवाया है मगर उसे व्यस्थित ढंग से ढका नहीं है जिसके चलते नालियां ढक्कन होते हुए भी खुली पड़ी है और यही खुली नालियां पशुओं के लिए मुसीबत बन रही है। बीती रात दो बैल आपस में लड़ रहे थे लड़ते लड़ते एक बैल नाली में जा गिरा और फंस गया। नालियों को ढंकने के लिए ढक्कन तो बने हैं मगर उसे यत्र तत्र छोड़ दिया गया है कुछ ढक्कन नालियों के अंदर गिरा पड़ा है। कहने का मतलब यह कि पैसे खर्च कर नालियों के ढक्कन तो बनाए गए है मगर उसे सही ढंग से नालियों के उपर रखा नहीं गया है जिसके चलते इस तरह की घटनाएं हो रही है। पालिका के कर्मचारियों को निरीक्षण कर यह देखना चाहिए कि ढक्कन कहां कहां लगा है और कहां नहीं। ताकि खुले नालियों को कव्हरअप किया जा सके। खुले नालियों को अतिशीघ्र ढंकवाने की व्यवस्था नगर पालिका को करनी चाहिए जिससे कि बेजुबान जानवरों को उसमें गिरने एवं चोटिल होने से बचाया जा सके।

### जल जीवन मिशन के कार्यों का मिशन संचालक ने किया निरीक्षण

उत्तर बस्तर कांकेर, 3 अक्टूबर। जिले के चारामा विकासखंड की ग्राम पंचायत रतेडीह, कुर्रूटोला, कानापोड़ एवं डेढ़कोहका में जल जीवन मिशन के तहत किए गए कार्यों का निरीक्षण मिशन संचालक डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुर्रे द्वारा किया गया। उनके द्वारा ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत बनाए गए उच्च स्तरीय जलागार, सोलर आधारित योजना, नल कनेक्शन, पाइप लाइन एवं अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच की गयी।

उन्होंने हितग्राहियों से बातचीत कर जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित योजना से जुड़े लाभ के बारे में जानकारी ली एवं अधूरे कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश पीएचई के कार्यपालन अभियंता को दिए। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता श्री जी.एल. लखेरा, कार्यपालन अभियंता श्री बीएन भोयर, सहायक अभियंता श्री राजेश हिरकने, जिला समन्वयक सुश्री निशा वामन, विभागीय कर्मचारी सहित ग्राम के सरपंच और ग्रामवासी उपस्थित थे।

### अपार (एपीएआर) आईडी के संबंध में दिया प्रशिक्षण



सुकमा,3 अक्टूबर। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार विगत दिवस को समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, विकासखंड श्रोत समन्वयकों तथा जिले के समस्त शासकीय व अशासकीय अनुदान प्राप्त हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यो, लिपिको, कम्प्यूटर ऑपरेटर, शिक्षकों की बैठक आहूत की गई। जिसमें भारत शासन एवं राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा से प्राप्त निर्देश परिपालन मे वन नेशन वन आईडी अंतर्गत विद्यार्थियों के अपार (एपीएआर) आईडी बनाने के सम्बंध में प्रोग्रामर श्री देवानंद साहू के द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश एवं प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम मे अपार आईडी के बारे मे जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी. आर. मंडावी ने विस्तृत जानकारी दिया गया एवं निर्धारित तय सीमा मे पूर्ण कराने कि जानकारी देते हुवे 05 अक्टूबर 24 को होने वाले पालक शिक्षक बैठक (पीटीएम) मे संबंधित बच्चों के पालकों को आमंत्रित करते हुए अपार आईडी के बारे मे बताने हेतु प्रचार्यो को निर्देशित किया।

### शिक्षकों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



सुकमा 3 अक्टूबर। 1 अक्टूबर को विकासखंड सुकमा जिला सुकमा अंतर्गत समस्त प्राथमिक/माध्यमिक/हाईस्कूल शालाओं के 1-1 शिक्षकों का विकासखंड स्तरीय सर्वे 2024 के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन स्वामी विवेकानंद युवा प्रशिक्षण केंद्र सुकमा में किया गया। सत्र 2024 माह दिसंबर में होने वाली परख सर्वे हेतु प्रत्येक संस्था से कक्षा 3 री, कक्षा 6 वीं और कक्षा 9 वीं के परख सर्वे प्रभारी शिक्षकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण में बच्चों को अभ्यास कैसे करवाये, ह्रस्क्र शीट कैसे भरवाये, अभ्यास हेतु प्रश्नो का निर्माण कैसे करें, बच्चों का टेस्ट लेने हेतु प्रशिक्षण दिया गया, क्क्ष्ष्ट सदस्यों को विषय आधारित प्रश्नों का निर्माण करने एवं योजना बनाकर बच्चों को कक्षा आधारित दक्षता हासिल करवाने की जिम्मेदारी दी गई ताकि जिला और राज्य स्तर पर बच्चों का प्रदर्शन बेहतर हो । प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा श्री जी.आर. मंडावी जी के द्वारा शिक्षकों को परख में बच्चों के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 100त्न प्रयास और लगन के साथ कार्य करने हेतु मोटिवेट किया गया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुकमा श्री सुखराम देवांगन जी एवं खंड स्रोत समन्वयक सुकमा श्री दीपक कुमार बारसे जी के द्वारा भी शिक्षकों को प्रेरित करते हुये बच्चों को परख सर्वे में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार करने हेतु सभी स्कूलों के शिक्षकों को जिम्मेदारी दी गयी ।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन सुकमा जिले के गोंगला में हुआ

# रंगोली,पेंटिंग,रैली से किया लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




सुकमा, 3 अक्टूबर। स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलाए गए स्वच्छता ही सेवा (स्वभाव स्वच्छता, स्वभाव संस्कार) अभियान का समापन सुकमा जिले में भव्य और उत्साहपूर्ण आयोजन के साथ हुआ। 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024 तक चलने वाले इस अभियान का समापन कार्यक्रम 2 अक्टूबर को ग्राम पंचायत गोंगला के स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में स्वच्छता संबंधित रंगोली, पेंटिंग प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता रैली जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधिगण, स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक शामिल हुए। साथ ही सामुदायिक श्रमदान के दौरान सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई। कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। सभी उपस्थित लोगों ने स्वच्छता और पर्यावरण की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए स्वच्छता और नशा मुक्ति हेतु शपथ ली। अध्यक्ष जिला पंचायत सुकमा श्री हरीश कवासी ने महात्मा गांधी के स्वच्छता के प्रति किए गए संघर्षों और उनके स्वच्छ भारत के सपने पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांधीजी का मानना था कि स्वच्छता समाज के हर वर्ग के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है और यह न केवल स्वास्थ्य बल्कि समाज में गरिमा और आत्मसम्मान की स्थापना में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। गांधीजी का सपना तभी साकार होगा जब स्वच्छता को हम अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएंगे। श्री कवासी लोगों को प्रेरित किया कि सिर्फ अपने घरों और आसपास की सफाई तक सीमित न रहें, बल्कि सामुदायिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों की भी सफाई पर ध्यान दें। जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान सुकमा जिले में भी व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से सामुदायिक सहभागिता दिखाते हुए इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा सुकमा के सतत विकास के लिए स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी और उनसे इनका लाभ उठाने का लेने कहा।

## समाचार संक्षेप

### गांधी जयंती पर कलेक्ट्रेट कार्यालय एवं जिला पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाया गया



सुकमा, 3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के अवसर पर सुकमा जिले के कलेक्ट्रेट कार्यालय और जिला पंचायत में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। 2 अक्टूबर 2024 को सुबह 10 बजे, जिला कार्यालय में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत स्वस्थ सुकमा, स्वच्छ सुकमा, समृद्ध सुकमा अंतर्गत कार्यालय परिसर और पार्किंग स्थल की साफ-सफाई की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप सहित कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से इसमें शामिल हुए। इसके साथ ही, कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने सभी उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति और स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए शपथ दिलाई।

### ग्राम पंचायतों सहित आश्रित ग्रामों में किया गया ग्रामसभा का आयोजन



सुकमा, 3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ शासन पंचायती एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार 23 जनवरी 14 अप्रैल 20 अगस्त और 2 अक्टूबर को अनिवार्य ग्राम सभा का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में सुकमा जिले के सभी ग्राम पंचायत और उनके आश्रित ग्रामों में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के पर ग्रामीण अपने सुझाव एवं विचार रखा गया। इसी क्रम में 02 अक्टूबर को ग्राम सभा के लिए विभिन्न बिंदुओं का निर्धारण किया गया है जिसमें ग्रामीण सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। ग्राम सभा आयोजन के दौरान जनप्रतिनिधिगण, मैदानी अमलों एवं उपस्थित सभी ने नशा मुक्ति एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शपथ ली। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन को जिले के सभी ग्राम पंचायतो में आयाजित होने वाले विशेष ग्राम सभा को सफलतापूर्वक आयोजन कराने तथा ग्राम सभा में ग्रामीण आपस में बैठकर शासन द्वारा चलाए जा रहे हैं विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा एवं अपनी सुझाव के लिए आमंत्रित करने के निर्देश दिए थे। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन ने बताया कि सभी ग्राम पंचायतों को ग्राम सभा के लिए पूर्व से ही निर्देश जारी कर दिया गया था। बैठक में चर्चा किए जाने वाले विषयों को रखा गया है। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर अन्य जरूरी विषयों पर ग्रामीण ग्राम सभा में अपने सुझाव एवं मांग रखा गया। ग्राम सभा में प्रमुख रूप से जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले के सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छ पेयजल के लिए पाइपलाइन के माध्यम से प्रत्येक घरों में नल कनेक्शन प्रदाय। स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सहित योजना का लाभ सभी ग्रामीणों को समय पर मिले।

### परख सर्वे के लिए दिया गया प्रशिक्षण




सुकमा, 3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सोमवार को विकासखंड सुकमा जिला सुकमा अंतर्गत समस्त प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल शालाओं के क्रमशः एक-एक शिक्षकों का विकासखंड स्तरीय परख (पीएआरएकेएच) सर्वे 2024 के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन स्वामी विवेकानंद युवा प्रशिक्षण केंद्र सुकमा में किया गया। सत्र 2024 माह दिसंबर में होने वाली परख सर्वे हेतु प्रत्येक संस्था से कक्षा 3 री, कक्षा 6 वीं और कक्षा 9 वीं के परख सर्वे प्रभारी शिक्षकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण में बच्चों को अभ्यास, ओएमआर शीट, अभ्यास हेतु प्रश्नो का निर्माण , बच्चों का टेस्ट लेने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। पीएलसी सदस्यों को विषय आधारित प्रश्नों का निर्माण करने एवं योजना बनाकर बच्चों को कक्षा आधारित दक्षता हासिल करवाने की जिम्मेदारी दी गई ताकि जिला और राज्य स्तर पर बच्चों का प्रदर्शन बेहतर हो। प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा श्री जी.आर. मंडावी जी के द्वारा शिक्षकों को परख में बच्चों के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शत प्रतिशत प्रयास और लगन के साथ कार्य करने हेतु मोटिवेट किया गया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुकमा श्री सुखराम देवांगन एवं खंड स्रोत समन्वयक सुकमा श्री दीपक कुमार बारसे के द्वारा भी शिक्षकों को प्रेरित करते हुये बच्चों को परख सर्वे में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार करने हेतु सभी स्कूलों के शिक्षकों को जिम्मेदारी दी गयी।

# कार्यालय सहित अपने आस-पास रखें स्वच्छता का ध्यान:कलेक्टर



रायगढ़, 3 अक्टूबर। गांधी जयंती के अवसर पर कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में स्वच्छ भारत दिवस के तहत कलेक्टोरेट परिसर सहित जिले भर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े भी उपस्थित रही।

गांधी जयंती के अवसर पर कलेक्टर श्री गोयल ने कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित महात्मा गांधी प्रतिमा में पुष्पांजलि अर्पित की। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छ एवं विकसित राष्ट्र की कल्पना की थी। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने कार्यालय में साफ-सफाई बनाए रखने एवं प्लास्टिक के उपयोग से बचने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जब भी कोई व्यक्ति आपके सामने गंदगी करते दिखे तो उन्हे गंदगी करने से रोकें। हमारा कर्तव्य बनता है कि हम स्वच्छता को आत्मसात करें। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने एक विकसित देश की कल्पना की थी, हमारा कर्तव्य बनता है कि हम गंदगी को दूर कर देश की सेवा करे। इसके लिए हम हर सप्ताह दो घंटे श्रम दान करें। अपने आस-पास को स्वच्छ रखें और लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पूरे कलेक्टोरेट परिसर में झाडू लगाकर साफ -सफाई किया गया साथ ही अनावश्यक रूप से बढ़े पौधों की छटाई का कार्य भी किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चंद्रा, डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा, डिप्टी कलेक्टर श्री धनराज मरकाम, डिप्टी कलेक्टर शशिकांत कुर्रे सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में शामिल होकर अपना श्रम दान किया।

स्वच्छ भारत दिवस के तहत जिले भर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इसी क्रम में तहसील कार्यालय रायगढ़ में स्वच्छता हेतु श्रमदान कर स्वच्छता की शपथ ली गई। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा कार्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया गया साथ ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा के द्वारा तहसील के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वच्छता एवं मतदान की शपथ दिलाई गई। जनपद पंचायत खरसिया एवं तमनार में अधिकारी-कर्मचारियों ने श्रमदान कर स्वच्छता की शपथ ली। इसी प्रकार कार्यालय श्रमायुक्त, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र रायगढ़ द्वारा परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता की शपथ ली गई। एसडीएम खरसिया के नेतृत्व में शहर के कार्यालयों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया।

## एक नजर

### विधायक ने बैठक में ज्यादा से ज्यादा भाजपा सदस्य बनाने पर दिया जोर



**महासमुंद,3 अक्टूबर।** विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर बुधवार को ग्रामीण मंडलों के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। पहले महासमुंद ग्रामीण मंडल के सदस्यों की बैठक निवास में ली। उसके पश्चात तुमगांव-सिरपुर मंडल अंतर्गत ग्राम बिरकोनी में बैठक में शामिल हुए। बता दें कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा लगातार भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ने के लिए निर्देशित कर रहे हैं। इसी तारतम्य में बुधवार को अपने निवास स्थान में महासमुंद ग्रामीण मंडल के सदस्यों के साथ बैठक की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान के संबंध में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। साथ ही उन्हें निर्देशित करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को भाजपा का सदस्य बनाकर संगठन को मजबूती प्रदान करें। इस दौरान मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर, मंडल महामंत्री लक्ष्मीकांत तिवारी और नामदेव साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थें। इसके पश्चात वे तुमगांव-सिरपुर मंडल अंतर्गत ग्राम बिरकोनी में बैठक लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता संदीप दीवान, मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल, विकास चंद्राकर, ललित निषाद, डिगेश साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थें।

### नशीली दवा सहित 3 गिरफ्तार



**भिलाई।** भिलाई नशीली दवाओं के साथ तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लि किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है पदमनाभपुर टीआई अंबिका प्रसाद ध्रुव ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान चलाकर ऑनलाइन कुरियर से नशीली दवा मंगाने वाले युवकों में कोरबा निवासी दीपक साहू, भुवनेश्वर बरेठ, पटना बिहार रविशंकर प्रसाद को गिरफ्तार किया गया है। युवको के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में दवा जब्त किया गया है पुलिस को जानकारी मिली कि लाखों रुपयों का ऑनलाइन फोन पे, पेटीएम से पेमेंट किया करते थे। युवकों द्वारा नशीली दवा मंगाया करते थे। मोबाइल के माध्यम से पेमेंट किया जाता था डिटेल जब पुलिस ने खंगाला तो दीपक, भुवनेश्वर और रविशंकर का नाम सामने आया पुलिस ने तुरंत तीनों को ट्रेस कर गिरफ्तार किया है .

### भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी ने मनाई महात्मा गांधी की 155 वीं जयंती

**रायगढ़, 3 अक्टूबर।** कलेक्टर/अध्यक्ष के आदेशानुसार एवं सचिव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ द्वारा 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 155 वें जन्म दिवस पर गांधी जयंती मनायी गई। कार्यक्रम में श्री संतोष अग्रवाल संरक्षक एवं डॉ.एच.एस. उरांव प्रभारी अधिकारी भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा रायगढ़ द्वारा बापू जी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के अहिंसा धर्म को पालन करते हुए देश को स्वतंत्रता दिलाने हेतु उनके द्वारा किये गये विभिन्न आंदोलनों एवं महान कृत्यों को याद किया गया। उक्त कार्यक्रम में कार्यालय के लेखापाल श्री आर.के.दुबे. के साथ श्री चन्द्रमणी गुप्ता एवं श्री गिरिजाशंकर प्रधान उपस्थित रहे।छाल में रक्तदान शिविर आयोजित-भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ द्वारा लायंस क्लब छाल ब्लेक डायमण्ड के संयुक्त तत्वाधान में एवं किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छाल विकासखण्ड धरमजयगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन श्री संतोष अग्रवाल संरक्षक भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ के द्वारा लायंस क्लब छाल के प्रमुख लायंस श्री सजन अग्रवाल से समन्वय स्थापित कर राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर किया गया।

## गांधी जयंती पर स्वच्छता पखवाड़ा का समापन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर,3 अक्टूबर** ।जन शिक्षण संस्थान बीजापुर कौशल विकास एंव उघमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सम्प्रेषित संस्थान है। जिसका संचालन आईसेक्ट संस्था भोपाल द्वारा किया जा रहा हैं। संस्था का उद्देश्य जिले के कम पढ़े-लिखे नवसाक्षर 10 वीं, 12 वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उनकी रूचि अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार व स्व-रोजगार से जोड़कर उनके आय में वृद्धि कराना है।स्किल इंडिया मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाने का निर्देश प्राप्त हुआ, उसी कड़ी में जन शिक्षण संस्थान बीजापुर द्वारा स्वच्छता संबंधी विविध कार्यक्रमो का आयोजन ग्राम स्तर पर चलाये जा प्रशिक्षण केंद्रों में किया. जिसमें जन शिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त रहे हितग्राहियों व आसपास के लोगों ने स्वेछा से भाग लिया। इस स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत निम्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जैसे क्विज़ प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन, श्रमदान व वाद-विवाद । इस दौरान सेन्टर की किशोरी बालिकाओं ओर महिलाओं ने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और अन्य लोगों प्रोत्साहित किया।दिनांक 02 अक्टूबर को जेएसएस कार्यालय में गाँधी जयंती पर स्वच्छता के थीम पर पोस्टर मेकिंग का आयोजन किया गया, साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई और देश के प्रति उनके योगदान को हितग्राहियों के मध्य साझा किया गया. उक्त कार्यक्रम का आयोजन निदेशक अभिषेक अवस्थी (जन शिक्षण संस्थान बीजापुर) के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में रवि कुमार (प्रोग्राम ऑफिसर) ,योगेश ठाकुर (अकाउंटेंट), मोहन चौहान (एपीओ) ,नागेश कुम्मर (कंप्यूटर ऑपरेटर),नागेश दुर्गम (फील्ड असिस्टेंट) तथा प्रशिक्षकगण रुकसाना बेगम,माहेश्वरी जुमर, शांता जुमार, उर्मिला उद्दे,पदमा बोरला,सुशीला कोरम स्टॉफ का विशेष योगदान रहा.

### ऑडिटोरियम में अग्र समाज ने किया विधायक अमर अग्रवाल का सम्मान

**रायगढ़, 3 अक्टूबर।** नगर में चल रही महाराजा श्री अग्रसेन जयंती में मंगलवार को ऑडिटोरियम में अग्र विधायक सम्मान समाहरोह का आयोजन किया था। जिसमें बिलासपुर विधायक और पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल शामिल हुए। अग्र समाज को ऊंचाई तक ले जाने में उनके योगदान के लिए उनका रायगढ़ अगर समाज द्वारा अभिनंदन किया गया। विधायक अमर अग्रवाल के साथ मंच पर वरिष्ठ भाजपा नेता गिरिधर गुप्ता, जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, श्री अग्रसेन सेवा संघ के अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल लेन्ध्रा, पूर्व अध्यक्ष मुकेश मित्तल, पूर्व सभापति सुरेश गोयल, अग्रोहा धाम ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल चीकू, जनकर्म के संपादक गौतम अग्रवाल और कमल अग्रवाल उपस्थित थे। सर्वप्रथम महाराज श्री अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी ।

## गांधी जयंती पर जवानों ने कैंप मुख्यालय में सफाई की और पौधे लगाए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 3 अक्टूबर।** भारत सरकार द्वारा संचालित स्वच्छता ही सेवा-2024 और गाँधी जयंती के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ के जिला बीजापुर में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 229 वीं वाहिनी में श्री चंदम बॉबी सिंह, कमाण्डेंट 229, के मार्गदर्शन में दिनांक 02/10/2024 को सफाई अभियान और वृक्षारोपन कार्यक्रम कैम्प परिसर में पूर्ण किया जिसमें बीजापुर खेल परिसर से आए बच्चों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के आरम्भ में कमाण्डेंट महोदय द्वारा गाँधी जयंती के महत्व को बताया तथा साथ ही सभी को साफ-सफाई और वृक्षारोपण के माध्यम से धरती और पर्यावरण प्रदूषित होने से बचाने के लिए अपना अहम योगदान देने का आह्वान किया । सफाई अभियान में 229 बटालियन के श्री चंदम बॉबी सिंह, कमाण्डेंट, श्री मुखत्यार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, श्रीमती वर्षा अरूण शर्मा सहायक कमाण्डेंट, श्री निशांत शर्मा, सहायक कमाण्डेंट, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं बटालियन के सभी बहादुर जवानों ने भाग लिया और अपना श्रमदान दिया ।

श्री चंदम बॉबी सिंह, कमाण्डेंट 229वीं वाहिनी द्वारा स्वच्छता ही सेवा-2024 कार्यक्रम का थीम ÷स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता÷ को अपने दैनिक जीवन में उतारने का अह्वान किया एवं सप्ताह में 2 घंटे का श्रमदान देने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अन्त में वाहिनी के सभी सफाई मित्रों तथा बीजापुर खेल परिसर से आए बच्चों को प्रशंसा पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया । उपरोक्त कार्यक्रम की सफलता 229 वीं वाहिनी एवं बीजापुर क्षेत्र की जनता के बीच लोकप्रियता, सहयोग एवं उनके इस वाहिनी के प्रति विश्वास को दर्शाता है।

## जवानों ने गांधी जंयती पर सेंट थामस स्कूल और नये बस स्टैंड में स्वच्छता अभियान चलाया



**बीजापुर,3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वच्छ भारत मिशन की यात्रा 10 साल के मुकाम पर पहुँच चुकी है। आज दिनांक 02/10/2024 महात्मा गॉधी जयंती के दिन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 85 वाहिनी के श्री. सुनील कुमार राही कमाण्डेंट के निर्देशन में बीजापुर मे स्थापित स्ह्ल. ऴद्धश्चद्वड्डह्य स्ष्द्धश्शद्य एवं न्यू बस स्टैण्ड बीजापुर के आस-पास के स्थान एवं परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, श्री ब्रजेश कुमार सिंह, द्वितीय कमा0 अधिकारी 85 वाहिनी के नेतृत्व में चलाये गये स्वच्छता अभियान के दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य, अन्य शिक्षक, स्कूल के छात्र अन्य कर्मचारी भी शामिल रहे। इस दौरान केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों व जवानों के द्वारा लोगों के बीच स्वच्छता को लेकर एक बेहतर संदेश देने का कार्य किया गया। इस मौके पर श्री नरेन्द्र सिंह, उप कमाण्डेंट 85 वाहिनी एवं डॉ0 ज्योति प्रकाश शर्मा, सहायक कमाण्डेंट 85 वाहिनी ने समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। स्वच्छता को लेकर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल लगातार अपने सभी शिविरों के आस पास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान को ध्येयपूर्ण विधि में कार्यान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण से ही सुंदर और स्वच्छ समाज की कल्पना की जा सकती है। इस मौके पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के श्री ब्रजेश कुमार सिंह, द्वितिय कमा0 अधिकारी 85 वाहिनी, श्री सुरेश ओराव, द्वितिय कमा0 अधिकारी 85 वाहिनी, श्री नरेन्द्र सिंह, उप कमाण्डेंट 85 वाहिनी, डॉ0 ज्योति प्रकाश शर्मा , सहायक कमाण्डेंट 85 वाहिनी एवं जवान मौजूद थे।

## सम्पूर्णता अभियान लक्ष्यों को प्राप्त करने का महत्वपूर्ण कार्यक्रम :संबित मिश्रा



**बीजापुर,3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक में आयोजित सम्पूर्णता कार्यक्रम का गांधी जयंती के अवसर पर समापन हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने सम्पूर्णता अभियान के 6 संकेतकों पर उत्कृष्ठ कार्य करने वाले विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए बधाई दिया और भविष्य में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बी पुष्पा राव, श्री हेमंत रमेश नंदनवार सीईओ जिला पंचायत एवं डिप्टी कलेक्टर तथा नोडल अधिकारी श्री उत्तम सिंह पंचारी विशेष तौर पर उपस्थित रहे।जिला कार्यालय के इंद्रावती सभाकक्ष में आयोजित सम्पूर्णता कार्यक्रम के समापन समारोह में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम बीजापुर और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम उसूर में विषम परिस्थितियों के बावजूद नीति आयोग के 6 संकेतकों में 4 संकेतकों पर शत प्रतिशत सफलता हासिल करना एक उपलब्धि है और इसके लिए सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा उच्च रक्तचाप, मधूमेह, टीकाकरण, शिक्षा विभाग में पाठ्य पुस्तक वितरण एवं विद्युतीकरण, महिला एवं बाल विकास ने पुरक-पोषण वितरण, ग्रामीण आजिविका मिशन ने रिवाल्वींग फन्ड तथा कृषि विभाग ने स्वाईल हेल्थ कार्ड के कार्य में प्रभावी भूमिका निभाई है। आने वाले समय में संकेतक जब परिवर्तित होंगे तब इसी तरह लगन और जिम्मेदारी के साथ हमें अपने जिले और ब्लॉक को बेहतर प्रदर्शन कर दिखाना है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम ने कहा कि आकांक्षी जिला में जिस तरह से स्थानीय सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने निष्ठा के साथ कार्य सम्पादन किया है उसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान के लिए स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

## विशेष ग्राम सभा में पंचायतों को सशक्त बनाने शपथ दिलाई गई



**बीजापुर,3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पंचायती राज्य भारत सरकार के निर्देशानुसार 750 ग्राम पंचायतों का चयन हुआ जिसमें चयनित ग्राम पंचायत जिला बीजापुर के आकांक्षी ब्लाक उसूर अर्न्तगत 5 ग्राम पंचायत में 2 अक्टूबर के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम की शुरुआत सभी पंचायतों में सरपंच के संबोधन से हुआ। उपस्थित ग्राम पंचायत के 75 वर्ष से अधिक बुजुर्गो का विशेष स्वागत किया गया। इसके उपरांत बुजुर्गों के द्वारा अपनी ग्राम पंचायत के विशेष अनुभवों को उपस्थित लोगों से साझा किया गया। इसके पश्चात जन योजना अभियान पीसीसी वीडियो दिखाया गया जिसमें ग्राम पंचायत को सशक्त बनाने का कार्य 2 अक्टूबर से होता है पीसीसी वीडियो में विस्तार से बताया गया साथ ही एलएसडीजी के 9 थीम और पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स पीडीआईए के बारे में फैसिलिटेटर के द्वारा बताया गया। उक्त कार्यक्रम के पश्चात अपने चयनित एलएसडीजी थीम, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मतदाता जागरूकता, स्वच्छता और पंचायत को सशक्त बनाने के लिए शपथ दिलाई गई। ग्राम पंचायत धनोरा, नैमेड़, गुदमा, नेलसनार के जनप्रतिनिधियों सचिवों तथा वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं के द्वारा एक पेड़ मां के नाम विशेष ग्राम सभा के अवसर पर 400 से अधिक पौधे लगाए गए।उक्त कार्यक्रम की तरह विशेष ग्राम सभा का आयोजन ग्राम पंचायत धनोरा, नैमेड़, गुदमा, नेलसनार में भी जनप्रतिनिधि, विकासखण्ड स्तर के नोडल अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ विभाग, एनआरएलएम, पटवारी, गांधी फेलो, पीपीआई, फेलो, पीरामल फाउंडेशन और टीआरआईएफ, विक्रमशिला फाउंडेशन, यूनिसेफ के सदस्य, बीजादूतीर सहित सैकड़ों नागरिक उपस्थित रहे।

## 214 बटालियन ने भी स्वच्छता अभियान में भागीदारी निभाई

**बीजापुर,3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दो अकटूबर को गांधी जयंती के अवसर पर जिले में तैनात सी आर पी एफ 214 बटालियन ने भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के.अंतर्गत सेंट थामस स्कूल गंगालूर मार्ग पर सफाई अभियान. चला कर ग्रामीण जनो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया इस दौरान कमांडेट सहित केंप के जवानों ने भी सफाई अभियान मे अपनी उपस्थिति दर्ज कराई सफाई अभियान मे ग्रामीणों ने भी बढ चढ कर हिस्सा लिया और जवानो के द्वारा किए गए इस कार्य की प्रशंसा की है।

# पीएम मोदी ने छर्राटांगर के एकलव्य विद्यालय का किया वर्चुअल लोकार्पण

**रायगढ़, 3 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने रायगढ़ जिले के घरघोड़ा विकासखंड के ग्राम छर्राटांगर में 32 करोड़ की लागत से नवनिर्मित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का वर्चुअल लोकार्पण किया। सांसद रायगढ़ श्री राधेश्याम राठिया कार्यक्रम में छर्राटांगर से शामिल हुए।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस मौके पर कहा कि आदिवासी समाज के बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मुहैय्या कराने के उद्देश्य से पूरे देश में एकलव्य संस्थान संचालित किए जा रहे हैं। सर्वसुविधायुक्त ये संस्थान आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के कल्याण और उत्थान से जुड़ी योजनाएं जो लगातार लागू की जा रही हैं यह प्रमाण है कि आदिवासी समुदाय को विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर करना हमारी प्राथमिकता है। पीएम जनमन योजना से देश की विशेष पिछड़ी जनजाति समुदायों को शासन की विभिन्न योजनाओं से समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए काम कर रहे हैं। वहीं आज धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से देश के जनजाति समुदाय शासन की योजनाओं से जुड़कर उनका लाभ लें यह सुनिश्चित किया जाएगा।



सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समुदाय के विकास के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। आदिवासी बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का लोकार्पण आज किया गया है। इससे जिले के बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अर्जित कर सकेंगे। यहां उनके पढ़ाई-लिखाई और रहने-खाने से जुड़े सारे इंतजाम निःशुल्क होगा। उन्होंने सभी पालकों से कहा कि अपने बच्चों को अच्छे से पढ़ाएं। शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य का आधार है।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, डिप्टी कलेक्टर व प्रभारी सहायक आयुक्त श्री महेश शर्मा, एसडीएम घरघोड़ा श्री रमेश मोर, जिला पंचायत सदस्य श्री संतोष राठिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष सोहद्रा राठिया, जनपद पंचायत सदस्य श्रीकांत राठिया, सरपंच गायत्री राठिया, श्री नरेश पण्डा, श्री गिरधर गुप्ता, श्री राजेन्द्र ठाकुर, श्री सुनील ठाकुर, श्री कन्हैया राठिया, श्री जगतराम भोय, श्री नरेश बेहरा, श्री श्याम लाल मांझी सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### स्वच्छता ही सेवा की ली गई शपथ, पीएम आवास स्वीकृति पत्र सौंपे गए

कार्यक्रम में सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने उपस्थित जनों को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई। जिसमें सभी को अपने आस-पास स्वच्छता रखने, सफाई के लिए श्रमदान करने और दूसरों को प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही ग्राम पंचायत छर्राटांगर में पीएम आवास स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए। जिसमें हितग्राही श्री मसतराम, गुरूवारी राठिया, लक्ष्मीन बाई यादव को यह स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही पीडब्लयूएल स्वीकृति पत्र भी हितग्राही संतोषी बाई, निर्मला राठिया, प्रेमबाई राठिया को प्रदान किया गया। स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। आंचल स्व-सहायता समूह कोटरीमाल, गौरी रानी स्व-सहायता समूह बरौनाकुंडा, सरस्वती स्व-सहायता समूह घरघोड़ी एवं सीता स्व-सहायता समूह छर्राटांगर को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

छर्राटांगर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय 420 सीटर होगा। यहां कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक कक्षाएं संचालित होंगी। इसके लिए 32 करोड़ की लागत से 14 एकड़ में सर्व सुविधायुक्त कैंपस तैयार किया गया है। यह विद्यालय बालिकाओं के लिए है। यहां स्कूल बिल्डिंग के साथ हॉस्टल, किचन मेस के साथ खेल मैदान तैयार किया गया है। इस विद्यालय में अंग्रेजी मीडियम में पढ़ाई होगी। यह विद्यालय अभी व्यवस्था में खरसिया के चोढ़ा में संचालित है, जिसे अब नए भवन में शिफ्ट कर लिया जाएगा।

सीबीएसई बोर्ड से अंग्रेजी मीडियम में निःशुल्क पढ़ाई का मिलता है लाभ, चयन परीक्षा से होता है प्रवेशएकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा प्रवर्तित एवं शत-प्रतिशत सहायता प्राप्त होते है। वर्तमान में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, (सीबीएसई) से सम्बद्ध उक्त आवासीय विद्यालयों में प्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के बालक/बालिकाओं हेतु कक्षा 6वीं से 12वीं तक अंग्रेजी माध्यम से निःशुल्क अध्ययन की सुविधा है। इन विद्यालयों में प्रवेश हेतु एक चयन परीक्षा का आयोजन कर मैरिट सूची तैयार की जाती हैं, जिसके आधार पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया ।

# रामलीला नारद मोह प्रसंग के साथ आज से प्रारंभ

■ तैयारियां पूर्ण, संरक्षक मंडल की हुई बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 3 अक्टूबर।** आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा के द्वारा 105वें वर्ष का मंचन आज 3 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। जिसमें नारदमोह-मुनि आगमन एवं ताड़का वध की भव्य प्रस्तुति दिखाई जाएगी। नारदमोह प्रसंग में दिखाया जाता है कि जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ते हैं तब भगवान के जन्म के लिए लीला निर्मित की जाती और ब्रम्हर्षि नारदजी को अभिमान हो जाता है, नारदजी अपने अहंकार में भगवान को श्राप देते। जिनके श्राप को भगवान शिरोधार्य करते हुए मनुष्य लीला करने के लिए दशरथ जी के यहां श्रीराम जी बनकर जन्म लेते है। एवँ मुनि आगमन में विश्वामित्र के द्वारा पृथ्वी से अत्याचार मिटाने के लिए निशाचारों का वध करने के लिए भगवान श्रीराम और लक्ष्मण को मांगकर ले जाते है और फिर मारीच-सुबाहु, ताड़ीका वध होता है। भाटापारा की रामलीला मंचन प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से आरंभ होगा। दशहरा के बाद एकादसी पर 13 अक्टूबर को भगवान के राजगद्दी के साथ राजा मौरध्वज उर्फ शेर का भोजन की प्रसिद्ध मार्मिक लीला दिखाई जाएगी। लीलाओं के मंचन एवं व्यवस्था देखरेख एवँ व्यवस्थित कार्यक्रम के लिए संरक्षक मंडल की बैठक 1 अक्टूबर को रामलीला कार्यालय में रखी गई जिसमें अनिल चांडक, बाल गोविंद, संतोष अग्रवाल, कैलाश पुरोहित, देवेन्द्र गुप्ता, देवनारायण शर्मा, बजरंग चौरसिया उपस्थित रहे जिन्हें समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा एवम संदीप मल, हेमंत मल, सूर्यकांत शुक्ला के द्वारा रामलीला संचालन एवं समस्त व्यवस्था की जानकारी दी गई। संरक्षक मंडल ने समिति कार्यकर्ताओं द्वारा किया व्यवस्था पर संतुष्टि एवँ प्रसन्नता जाहिर की तथा इसी तरह भगवान के कार्यों में लगे रहने की प्रेरणा दी।




## समाचार संक्षेप

### किलकारी कार्यक्रम में गर्भवती माताओं व बच्चों की सेहत की दी गई जानकारी



**भाटापारा, 3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिविल अस्पताल मे गर्भवती माताओं व नवजात शिशुओं की सेहत को लेकर मितानिनों व सीएचओ को प्रशिक्षण दिया गया उक्त प्रशिक्षण डिविजनल प्रोग्राम आफिसर रायपुर अमन चांडक ने दिया उन्होंने बताया गर्भवती माताओं और नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए किलकारी कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसमे गर्भवती महिलाओं को गर्भधारण के चौथे महिने से लेकर शिशु के एक वर्ष की आयु तक हर हफ्ते आडियो संदेश भेजे जायेंगें उन्हे गर्भावस्था, शिशु के विकास पोषण टीकाकरण और देखभाल से संबंधित आवश्यक जानकारियां देंगें, इसके लिए महिलाओं को टोल फ्री नं.01244451660 से मुफ्त सलाह प्राप्त होगी मितानिन अपने पंजीकृत मोबाईल से टोल फ्री नं. 14424 पर काल कर 44 पाठो का कोर्स पूरा कर सकती हैं पाठ्यक्रम पूरा करने पर उन्हे सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा जो उनके पेशेवर कौशल को मान्यता देगा इसके अलावा कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने के तरीकों पर चर्चा की गई इस दौरान बीएमओ डा. राजेन्द्र माहेश्वरी, सुश्री संध्या दीवान बीपीएम, अरविंद वर्मा, देवेन्द्र भारद्वाज, स्टोर प्रभारी नितिन डहरिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।नितिन डहरिया ने बताया इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मितानिनों को नई तकनीकी और सेवाओं से अवगत कराया गया जिससे वे गर्भवती महिलाओं व बच्चो को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकेंगी किलकारी व मोबाईल अकेडमी जैसै कार्यक्रम डिजिटल युग मे स्वास्थ्य सेवाओं को जन जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है जिससे स्वास्थ्य परिणामों में सुधार आयेगा।

### शराब का अवैध परिवहन करते दो युवक गिरफ्तार



**भखारा, 3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मोटर साईकिल से अवैध शराब बिक्री करने ले जा रहे दो युवक को भखारा पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार ग्राम कुर्रा के शराब भट्ठी से शराब निकालकर बिक्री करने के लिए बाइक सवार ले जा रहा थे जिसकी सूचना मिलने पर ग्राम कुर्रा चौक के पास याम्हा मोटर सायकल को रोककर छापेमारी कार्यवाही किया गया जिसमें बाइक सवार दिनेश ठाकुर पिता कृपा राम ठाकुर उम्र 38 वर्ष ग्राम - असोगा के कब्जे से 18 बॉटल अंग्रेजी बडवाइजर बियर कीमती 4500/- रूपये एवं प्रवीण वर्मा पिता स्व0 गजेन्द्र वर्मा उम्र 34 वर्ष ग्राम - बिजेभाठा, थाना रानीतराई जिला दुर्ग के कब्जे से याम्हा एफजेड मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 बीके 3230 कीमती करीबन 50000/- रुपये को जप्त कर पुलिस ने कब्जे में लिया। उक्त दोनों आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक रिमांण्ड पर भेज दिया है इस सम्पूर्ण कार्यवाही में भखारा थाना के प्रआर0त्रिलोकी बघेल, आरक्षक खुमान लाल साहू, हरिशंकर सिन्हा, केशव मुरारी सोरी का विशेष योगदान रहा।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने किया होटलों एवं दुकानों का निरीक्षण, खराब सामग्री को किया नष्ट



■ 50 सैंपल लिए गए मौके पर ही पांच अवमानक, 2 को नोटिस

**भखारा, 3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा त्यौहारी सीजन को देखते हुए उपभोक्ताओं को मिलावटी से बचाने के लिए किराना दुकानों, होटलों का निरीक्षण कर अवमानक खाद्य पदार्थो पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा एवं टीम द्वारा सिमगा विकासखंड के ग्राम हिरमी से कुल होटल एवं खाद्य प्रतिष्ठानों से चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से कुल 50 खाद्य पदार्थों जांच किया गया। जिसमें से 5 सैंपल अवमानक प्राप्त हुए.जांच दौरान बाजार चौक स्थित स्थित सुरेंद्र स्वीट्स सुखी मूर्ति होटल, भगत पान, भावेश स्वीट वर्मा प्रोविजन इत्यादि की जांच की गई. सुरेंद्र स्वीट में खराब मगज लड्डू 5 किलोग्राम, 2 किलोग्राम जलेबी, मारुति होटल में बेसन लड्डू अवमानक पाए गए साथ ही भावेश होटल में अमानक मानक पाए गए 2 किलोग्राम जलेबी का नष्टीकरण की गई. स्वच्छता संबंधी पर्याप्त उपाय नहीं किए जाने किचन अनहाइजीनिक पाए जाने पर वह खाद्य पदार्थों को ढकने के पर्याप्त उपाय नहीं किए जाने पर उपरोक्त में से 1 सुरेंद्र स्वीट को नोटिस जारी किया गया हैं। कल्याण किराना एवं योगेश किराना से कुल 3 सर्विलेंस नमूना लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच दौरान अल्ट्राटेक सीमेंट वर्क में। गेस्ट हाउस में संचालित करने वाला नित्यानंद क्रेटर्स को भी 3 प्वाइंट पर नोटिस जारी किया गया।

## एक नजर

### आत्मसम्मान व स्वाभिमान जगाओ यात्रा 5 को धमतरी आएगी

**भखारा, 3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बहुजन समाज पार्टी जिला धमतरी के पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष रात्रे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश ईकाई के द्वारा आरक्षण वर्गीकरण, कीर्मीलेयर एवं बलौदा बाजार सहित वर्तमान सरकार में हो रहे अन्याय अत्याचार को लेकर आत्मसम्मान स्वाभिमान जगाओ यात्रा पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में अलग-अलग जिलों से होते हुए 5 अक्टूबर को धमतरी में आगमन होगा जिससे धमतरी जिले के कार्यकर्ताओं में यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह है उक्त यात्रा की तैयारी पार्टी के तमाम बड़े छोटे कार्यकर्ता लगें हुए हैं जिसमें प्रमुख रूप से आर.पी संभाकर, प्रेमलाल कुर्रे, अशोक मेश्राम, ईश्वर नारंग, कल्याण सिंह निर्मलकर, ठाकुर प्रसाद गुप्ता, रुपेश बघेल, किसन चांद, एन.पी जोशी, लालचंद पटेल, देवप्रसाद बांधे, नंदकुमार बांधे, जितेंद्र पटेल, ममता टंडन, प्रदीप बघेल, पुसाऊ बघेल, विनोद बघेल, कामदेव बघेल, रामलाल रामटेके, बलदेव कोषरे, हनु ताड़ी तैयारी में जुटे हुए है।



### जोरातराई में दो दिवसीय रामधुनी सम्मेलन का शुभारंभ



**भखारा, 3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम जोरातराई (अंवरी) में दो दिवसीय अखंड रामधुनी सम्मेलन का शुभारंभ ठाकुर देव चौक में हुआ जिसके मुख्य अतिथि हरबंस अग्रवाल, सरपंच खिलावन पाल, ग्राम पटेल महेंद्र साहू, सुदामा राम साहू, मानक लाल साहू, वीर सिंह निर्मलकर, टीकू साहू सिर्वे, मानसिंह साहू, टेमन सिंह साहू, बंसी साहू, प्रकाश साहू, कैलाश साहू, ओम प्रकाश साबला, धर्मेंद्र साहू, उमेश साहू, भोजराम साहू, जगमोहन साहू, थानु राम, तुलाराम नागरची, रामस्वरूप साहू, केजू राम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### पचपेड़ी में गांधी जयंती पर साहू समाज ने चलाया स्वच्छता अभियान



**भखारा, 3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जयंती पर साहू समाज पचपेड़ी के द्वारा गांव के प्रमुख स्थानों में साफसफाई कर महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर साहू समाज पचपेड़ी के पदाधिकारी, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ एवं सदस्यों द्वारा सर्व सामुदायिक भवन परिसर को पहले साफसफाई किया गया, तत्पश्चात महात्मा गांधी की प्रतिमा पर सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। जिसमे साहू समाज अध्यक्ष गंगा राम साहू, रोहित साहू, हुलेश साहू, मनीष साहू, गणेश राम साहू, लिकेश साहू, विनय साहू, विजय साहू, मोहर सिंह साहू, गायत्री बाई साहू, दुर्गा साहू, कलिंद्री साहू, धनमत साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को कलेक्टर ने दी श्रद्धांजलि, स्वच्छता की ली गई शपथ

# गांधी जयंती पर जिला कार्यालय सहित विभिन्न विभागों में चलाया साफ-सफाई का अभियान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 अक्टूबर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने आज संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ एवं मद्य निषेध सप्ताह अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान सफल बनाने हेतु भी शपथ लिया गया। साथ ही साथ आज कलेक्टोरेट परिसर एवं संयुक्त जिला कार्यालय में स्थित विभिन्न विभागीय कार्यालय, पुलिस कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों में श्रम दान कर साफ सफाई अभियान चलाया गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने भी हाथ में झाड़ू लेकर परिसर की सफाई में अपना हाथ बटाया। इस अवसर पर इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, डिप्टी कलेक्टर बी आर ध्रुव सहित सहित समस्त विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विभिन्न विभागीय कार्यालयों सहित कलेक्टोरेट परिसर में सफाई की गई। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर आज जिले के विभिन्न विभागों के जिला कार्यालयों, विकासखंड कार्यालय सहित कलेक्टोरेट परिसर के आसपास भी साफ सफाई की गई। जिसमे जिला कार्यालय स्थित आदिवासी विकास विभाग, सांख्यिकी, महिला एवं बाल विकास, खनिज, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, समाज कल्याण, खाद्य, कोषालय, राजस्व के विभिन्न शाखा, पुलिस कार्यालय, तहसील, एसडीएम जिला हॉस्पिटल, जिला पंचायत कार्यालयों का साफसफाई किया गया है।

### गांधी जयंती पर आधारशिला स्कूल में स्वच्छता सेवा का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 3 अक्टूबर।** स्थानीय आधारशिला विधालय में गांधी जयंती के अवसर पर रघुपति राघव राजा राम भजन का सामूहिक गान कर गांधी जी का स्मरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य एम संतोष कुमार के नेतृत्व में गांधीजी और लाल बहादुर शास्त्री के तैल चित्र पर दीप प्रवलन कर माल्यार्पण कर किया गया।इस अवसर पर बच्चों ने गांधी जी की वेशभूषा धारण की। उनके बताए सत्य, शांति, अहिंसा के विचारों का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों ने कचरा मुक्त भारत के तहत महत्वपूर्ण स्वच्छता अभियान का संदेश देते सफल आयोजन किया। सुबह 9 बजे जयस्तंभ चौक पहुंचकर एक नुक्कड़ नाटक किया। उसके बाद एक किलोमीटर पैदल चलकर सड़कों पर जाकर प्लास्टिक व अन्य कूड़े कचरे को संकलित किया और कूड़ेदान में डाला। बच्चों ने एक शानदार स्वच्छता ही सेवा अभियान का सफल प्रदर्शन किया। जिसका दर्शकों ने भरपूर तालियों से अभिनंदन कर उनका आत्मविश्वास बढ़ाया। इस महत्वपूर्ण पहल में भाटापारा के विधायक इन्द्र साव बच्चों के साथ शामिल होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। उनके द्वारा गांधी जी के विचारों व देश हित में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ अन्य सदस्य व छात्र मौजूद रहे।



## माहेश्वरी सहित भाटापारा के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए न्याय यात्रा में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 3 अक्टूबर।** प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी के नेतृत्व में न्याय यात्रा में पूरे एक सप्ताह तक प्रतिदिन भाटापारा विधानसभा से सैकड़ो की संख्या मे कांग्रेसजन शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जी पहुंच रहे हर छोटे बड़े कार्यकर्त्ता से सहजता व सरलता से मिलकर आगे बढ़ते रहे... इससे प्रत्येक कार्यकर्त्ताओ में बड़ा ही उत्साह है। हजारों की संख्या में लोग शामिल होकर न्याय की लड़ाई लड़ रहे है। दिन प्रतिदिन काफिला बढ़ता ही गया। आज अंतिम दिन रायपुर में न्याय यात्रा के समापन में भी भारी संख्या में कांग्रेस जन क्षेत्र से शामिल होने पहुंचे थे।

माहेश्वरी ने कहा की न्याय यात्रा में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट शामिल होकर कार्यकर्ताओं को भाजपा के कुशासन के खिलाफलड़ने हेतु प्रेरित किया। न्याय यात्रा में नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, सांसद ज्योत्सना महंत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रदेश के सभी विधायक, पूर्व विधायक, छाया विधायक, प्रदेश, जिला, ब्लाक, नगरीय निकाय, पंचायत, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस आदि शामिल हुए। आम जनता द्वारा जगह जगह स्वागत कर न्याय यात्रा का समर्थन किया गया।

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने कहा कि भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ की जनता के मन से उतर गई है। आज चुनाव हो जाए तो भाजपा 20 सीट भी नही जीत पाएगी। भाजपा को जनता चुनकर पक्षतावा कर रही है। कांग्रेस के नेताओ को टारगेट किया जा रहा है। मनुवादी भाजपा सरकार अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग पर अत्याचार कर उन्हे झूठे मामले में जेल भेज रही है।

पदयात्रा कार्यक्रम में क्षेत्र से जनपद उपाधक्ष विवेक अग्रवाल, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अमर मांडवी, सिमगा अध्यक्ष कृष्ण कुमार नायक, , लक्ष्मी पांडे, दीपक वर्मा, गुलशन बिजोरा, आबिद खान, चंद्रकुमार साहू, धर्मेंद्र सेन रोहित साहू, अंकुश भाटिया, दौलत बंजारे, विष्णु कोशले, संजय वर्मा राजा तिवारी, कुंजी देवांगन बृजमोहन वर्मा, मायाराम वर्मा, रामेश्वर राव, तुलाराम बंजारे, गणपत सतनामी, सुमरण दास मानिकपुरी खुटे, त्रिलोचन वर्मा, पवन तिवारी, भूपेश जांगड़े, तुलेराम साहू, रवि ध्रुव, अरुण वर्मा, रामरतन डंडेकर प्रताप निषाद राजकुमार साहूआदि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता भाग ले रहे है।



## शहादत दिवस पर शहीद राजेश कुमार ध्रुव को दी गई श्रद्धांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 3 अक्टूबर।** गरियाबंद जिले के वीर शहीद ग्राम रवेली(छुरा)में देश के लिए न्यौछावर होने वाले अदम्य साहस और वीरता के प्रतीक से सम्मानित अमर शहीद राजेश कुमार ध्रुव झारखंड में आईडी ब्लास्ट में 28.09.2023 में शहीद हो गया था।और उन्हीं के याद में शहादत दिवस के अवसर पर शनिवार को उनके गृहग्राम के प्राथमिक शाला प्रांगण में श्रृद्धांजलि सभा आयोजित किया गया।मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रव, शहीद राजेश ध्रुव के पत्नि तुलसी ध्रुव, माता पिता नोहरु ध्रुव, अग्नि ध्रुव, ग्रूप केंद्र, केंद्रीय रिजर्व बल, रायपुर से सहायक कमांडेंट तरुण कुमार, निरीक्षक जीडी उमाशंकर टण्डन एवं पदस्थ जवानों, मोंहदा निवासी शहीद शोक सिंग के पत्नी सेवंती फरस, छत्तरसिंग ठाकुर, जनपद सदस्य खिलेश्वरी ध्रुव, उपसरपंच बाबुलाल ध्रुव, सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर, समाजसेवी मनोज पटेल प्रमुख सहित अन्य अतिथियों ने शहीद राजेश कुमार ध्रुव की छायाचित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर और पुष्पचक्र भेंटकर वीर शहीद को श्रृद्धांजलि अर्पित किया। शहीद राजेश की माता अग्नि ध्रुव को सहायक कमांडेंट के तरुण कुमार ने शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी ने इसे वीर शहीद के परिवार सहित पूरे ग्राम और छत्तीसगढ के लिए गौरव की बात कही। हर भारतीय के मन में देश सेवा और देश भक्ति की भावना रहनी चाहिए।




### जिला सतनामी समाज का बैठक 5 व 6 को

**भखारा, 3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला सतनामी समाज धमतरी का बैठक कल जोधापुर स्थित गुरु बालकदास भवन में आयोजित किया गया है।जिसमे समाज के विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा किया जाएगा। जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे ने बताया कि इस बैठक का प्रमुख उद्देश्य समाज के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित करने पर विशेष चर्चा होगी।साथ ही जिला कार्यकारणी विस्तार एवं जिला प्रशासन के द्वारा 5 व 6 अक्टूबर को आयोजित राष्ट्रीय जल जगार समारोह धमतरी मे सतनामी समाज की सहभागिता एवं विश्व प्रसिद्ध पंथी नृत्य की प्रस्तुति के संबंध में चर्चा किया जाना है। इस हेतु समाज के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य सहित समाजजनों को बैठक में आमंत्रित किया गया है।


**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा-जिला बलौदाबाजार-भाटापारा**

क्रमांक/606/तह./वा./24
सिमगा, दिनांक 17/09/2024
रा.प्र.क्र. ......./ब-121/2024
ग्राम- हरिनभट्ठा प.ह.नं. 43

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक प्रमोद सोनवानी पिता श्री राजकुमार सोनवानी जाति सतनामी निवासी ग्राम हरिनभट्ठा थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी दादी केजाबाई पति जीयनदास का (मृत्यु) दिनांक 13/11/1990 को हरिनभट्ठा हरिनभट्ठा में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 10/10/2024 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 17/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सिमगा


## हैप्पीनेस प्रोग्राम का हुआ आयोजन

# सुदर्शन क्रिया में छिपे हैं जीवन के अनेक रहस्य : तामेश्वर साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 3 अक्टूबर।** दि आर्ट ऑफ लिविंग संस्था कुरूद द्वारा मंगल भवन भखारा में 27 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया था जिसमें अनेक लोगों ने भाग लिया श्री श्री रवि शंकर द्वारा डिजायन किए गए इस कार्यक्रम में प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे से 8:00 बजे तक योग, ध्यान, प्राणायाम के साथ-साथ अद्भुत श्वास, प्रश्वास की पद्धति सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराया गया साथ ही अस्तित्व के सात स्तर, ऊर्जा के स्रोत व जीवन जीने की चाबियां को प्ले वे पद्धति से सिखाया गया उक्त कार्यक्रम के प्रशिक्षक तामेश्वर साहू, हिरेन्द्र साहू, बसंत बैस रहे और उन्होंने बताया कि जन्म लेते ही जो सबसे पहले काम हमने किया है वह है सांस लेना।

सांस में जीवन के अनेक रहस्य छिपे हैं सुदर्शन क्रिया श्वास के लयबद्ध अद्भुत तकनीक है जिसके प्रयोग से शरीर, मन और भावनाओं को एक लय में लेकर आते हैं।यह तकनीक तनाव, थकान और नकारात्मक भाव जैसे क्रोध, डिप्रेशन, उदासीपन को दूर कर शरीर को स्वस्थ और मन को शांत करता है यह एक आध्यात्मिक खोज है जो हमें अनंत की झलक देती है यह दिमाग से दिल का सफर है जो कि स्वास्थ्य, प्रसन्नता, शांति और जीवन से परे ज्ञान को उजागर करता है।

इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव भी सुनाये जो कि अद्भुत रहा।सत्संग का आयोजन भी हुआ आने वाले दिनों में पुनः हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा जिसके लिए कार्यक्रम में भाग लेने वालों ने सहमति दी। इस कार्यक्रम में नवल सिंह सोन, हरीश साहू, हरख जैन, प्रतिभा केला, रोशन केला, लीलाधर साहू, पंकज, चतुर साहू, युगेश, गुलशन कोरे, घनश्याम साहु, सीताराम, विजय सिंह सोन, अतुल बैस, बिरेंद्र बैस, लेखराम साहू, खोमिन साहू, प्रियंका सुखदेवे, लोकेश्वर, डॉ. संतोष साहू, प्रवीर नेताम, हरीश साहू इत्यादि ने भाग लिया।इस आयोजन में डाली यादव, गोविन्द यादव का विशेष सहयोग रहा।समापन के दिन प्रशिक्षकगणों को सम्मानित भी किया गया।






कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26